1. साझेदारी समझौते अथवा सहयोग समझौते मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक होते हैं।
2. वर्ष 2023 तक भारत ने केवल दक्षिण कोरिया और जापान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPAs) पर हस्ताक्षर किये हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**93. भारत के विधि आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पहले विधि आयोग की स्थापना ब्रिटिश राज के दौरान और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले द्वारा की गई थी।
2. सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ही इस आयोग के प्रमुख होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) एक देश के भीतर ऐसे क्षेत्र है जो प्राय: शुल्क-मुक्त (राजकोषीय रियायत) होते हैं तथा इसमें अलग-अलग व्यापार और वाणिज्यिक कानून होते हैं।
2. एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (Export Processing Zones- EPZ) वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया था।
3. भारत में SEZ 2000 से 2006 तक (विदेश व्यापार नीति के तहत) चालू थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**95. सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र ( MFN ) की स्थिति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौता (GATT), 1994 के अनुसार प्रत्येक WTO सदस्य देश को अन्य सभी सदस्य देशों को MFN का दर्ज़ा देना आवश्यक है।
2. MFN से निलंबित करने की कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं है तथा यह स्पष्ट नहीं है कि यदि कोई सदस्य ऐसा करता हैं तो वे WTO को सूचित करने के लिये बाध्य हैं या नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**96. हाल ही में लॉन्च किये गए चंद्रयान-3 मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. इसके अंतर्गत लेज़र डॉपलर वेलोसीमीटर नामक एक उपकरण शामिल है, जो लैंडर की गति की गणना करने के लिये चंद्रमा की सतह पर लेज़र बीम फायर करेगा।
B. चंद्रयान-3 का लैंडर (विक्रम) चंद्रयान-2 मिशन जैसा ही है जबकि रोवर पेलोड (प्रज्ञान) को अधिक दक्षता के लिये बदल दिया गया है।
C. प्रणोदन मॉड्यूल में एक नया प्रयोग, रहने योग्य ग्रह पृथ्वी की स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री (SHAPE) की सुविधा है, जिसका उद्देश्य परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण करके संभावित रहने योग्य छोटे ग्रहों की खोज करना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**97. आर्टेमिस समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि की नींव पर आधारित है।
2. भारत गैर-बाध्यकारी आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वाँ देश है।
3. वर्ष 2024 के लिये निर्धारित आर्टेमिस-II, आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत पहला मानवयुक्त मिशन होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**98. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ब्रिक्स द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।
2. इसका मुख्यालय शंघाई (चीन) में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**99. प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PACS ग्राम स्तरीय सहकारी ऋण समितियाँ हैं जो त्रि-स्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में कार्य करती हैं।
2. PACS किसानों को विभिन्न कृषि तथा कृषि गतिविधियों के लिये अल्पकालिक और मध्यम अवधि के कृषि ऋण प्रदान करती हैं।
3. इनका नेतृत्व ग्रामीण विकास बैंकों द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**100. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNSC में कुल 15 सदस्य होते हैं, इनमें 5 स्थायी सदस्य (P5) और 10 गैर-स्थायी सदस्य 2 वर्ष के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं।
2. दिसंबर 2022 में इस परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत का कार्यकाल पूरा हो गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोखरण I के बाद से ही , भारत, अमेरिका, सोवियत संघ, ब्रिटेन, फ्राँस और चीन के बाद परमाणु हथियार क्षमता रखने वाला विश्व का छठा देश बन गया।
2. पोखरण II को स्माइलिंग बुद्धा नाम दिया गया था और आधिकारिक तौर पर इसे शांतिपूर्ण परमाणु विस्फोट के रूप में वर्णित किया गया था।
3. वर्ष 2003 में भारत आधिकारिक तौर पर अपना परमाणु सिद्धांत जारी किया जिसमें स्पष्ट रूप से 'पहले उपयोग न करने' की नीति पर विस्तार से चर्चा की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**102. परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह ( NSG ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1974 में भारत के परमाणु परीक्षणों की प्रतिक्रिया के रूप में की गई थी।
2. NSG का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये परमाणु व्यापार परमाणु हथियारों के प्रसार में योगदान न दे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**103. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों ( GMOs ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में GMOs और उत्पादों से संबंधित सभी गतिविधियों का विनियमन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
2. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) ने हाल ही में आनुवंशिक रूप से संशोधित सरसों की व्यावसायिक खेती को मंज़ूरी दी है।
3. भारत में वर्तमान में आनुवंशिक रूप से संशोधित फसल के रूप में केवल कपास की व्यावसायिक खेती की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**104. धन शोधन निवारण अधिनियम ( PMLA ), 2002 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे धन शोधन के खतरे से निपटने के लिये भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता (वियना अभिसमय) के जवाब में PMLA अधिनियमित किया गया था।
2. इस अधिनियम के प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सभी वित्तीय संस्थानों पर लागू होते हैं।
3. प्रवर्तन निदेशालय PMLA के प्रावधानों को लागू करने और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जाँच के लिये उत्तरदायी होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**105. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
2. अधिकारियों की भर्ती सीधे और अन्य जाँच एजेंसियों से लाने के रूप में की जाती है।
3. ED का कार्यकाल दो वर्ष का होता है, लेकिन निदेशकों का कार्यकाल तीन वार्षिक विस्तार देकर दो से पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**106. मेकांग-गंगा सहयोग (MGC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और पाँच आसियान देशों, छह देशों की एक पहल है।
2. MGC की बैठक प्रत्येक वर्ष भारत और 5 मेकांग देशों में से एक के बीच क्रमिक रूप से सह-अध्यक्षता की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**107. सिंधु जल संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस संधि के तहत सिंधु जल का 80% हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया, जबकि शेष 20% पानी भारत के उपयोग के लिये छोड़ दिया गया।
2. इस के तहत पाकिस्तान को सिंधु, चिनाब और झेलम नदियों के असीमित उपयोग की अनुमति दी गयी, जबकि भारत के गैर-उपभोग्य, कृषि और घरेलु उपयोग के लिये इसे प्रतिबंधित कर दिया गया।
3. सिंधु जल संधि के प्रावधानों के अनुसार, यह आयोग वर्ष में कम-से-कम एक बार नियमित तौर पर भारत और पाकिस्तान में बैठक का आयोजन करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**108. भारत और जापान के संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जापान उन कुछ देशों में से एक है जिसके साथ भारत की 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता होती है।
2. जापान भारत का 5वाँ सबसे बड़ा निवेशक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**109. आसियान समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1967 में बैंकॉक घोषणा पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
2. भारत आसियान समूह के संस्थापकों में से एक था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**110. GIFT सिटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें एक बहु-सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) शामिल है जिसमें एक विशेष घरेलू टैरिफ क्षेत्र (DTA) है।
2. भारत का प्रथम IFSC GIFT सिटी में स्थापित किया गया है।
3. इसकी परिकल्पना न केवल भारत के लिये बल्कि विश्व भर के लिये वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं हेतु एक एकीकृत केंद्र के रूप में की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**111. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राधिकरण द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाएँ और कार्यविधियाँ भारत की संसद के संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होंगी।
2. IFSCA में वित्तीय सेवाओं का लेनदेन विदेशी और राष्ट्रीय दोनों मुद्राओं में किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**112. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा की गई थी।
3. यह पूरी तरह से सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान से वित्त पोषित है।
4. बहुआयामी गरीबी सूचकांक UNDP द्वारा ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (OPHI) के साथ जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**113. विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 ( Legal Metrology Act, 2009 ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वज़न एवं माप के मानकों को स्थापित करना और लागू करना है।
2. केंद्र सरकार अंतर-राज्यीय व्यापार और वाणिज्य से संबंधित कर्तव्यों का पालन करने के लिये कानूनी माप विज्ञान के निदेशक की नियुक्ति कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

D. 1 और 2 दोनों

E. न तो 1 और न ही 2

**114. 'भारतीय संविधान की अनुसूचियों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दूसरी अनुसूची में क्रमश: राष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल, लोक सभा और राज्यों की परिषद के अध्यक्ष और अध्यक्ष से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।
2. आठवीं अनुसूची भारत के संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है।
3. ग्यारहवीं अनुसूची नगर पालिकाओं की शक्तियों, अधिकार और ज़िम्मेदारियों से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**115. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुसार इस आयोग का आदेश अंतिम हैं लेकिन निर्वाचन क्षेत्रों के अनुचित विभाजन के आधार पर न्यायालय के समक्ष सवाल उठाए जा सकते हैं।
2. इसका मूल उद्देश्य, चुनाव में एक राजनीतिक दल को दूसरों पर बढ़त न मिले, भौगोलिक क्षेत्रों को विभाजित करना है।
3. परिसीमन आयोग की नियुक्ति भारत के संसद द्वारा की जाती है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**116. 'शिक्षा का अधिकार ( अनुच्छेद 21-A )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. 86वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिये भारत के संविधान में अनुच्छेद 21-A शामिल किया गया।
2. बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009, अनुच्छेद 21-A के तहत परिकल्पित परिणामी कानून का प्रतिनिधित्त्व करता है।
3. अनुच्छेद 21-A उचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों, यानी अपेक्षित प्रवेश और शैक्षणिक योग्यता वाले शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान करता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**117. कानून के शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'कानून के समक्ष समानता' की अवधारणा 'कानून के शासन' की अवधारणा का एक तत्त्व है।
2. कानून का शासन संविधान की मूल संरचना है इसलिये किसी भी संशोधन द्वारा भी इसे नष्ट नहीं किया जा सकता है।
3. कानून के समक्ष समानता का नियम पूर्ण नहीं है और भारत के राष्ट्रपति तथा राज्यों के राज्यपाल इसके अपवाद हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई  भी नहीं

**118. 'भारत में साइबर सुरक्षा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "साइबर स्वच्छता केंद्र" भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का एक हिस्सा है।
2. इसका लक्ष्य भारत में बॉटनेट संक्रमणों का पता लगाकर एक सुरक्षित साइबरस्पेस का निर्माण करना है।
3. इसे जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) के उद्देश्यों के अनुसार स्थापित किया गया है, जो देश में एक सुरक्षित साइबर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की परिकल्पना करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**119. दिव्यांग जनों का अधिकार अधिनियम, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRPD) को प्रभावी बनाने के लिये भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था।
2. यह बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति को एक निर्दिष्ट दिव्यांगता के 40% से कम नहीं, वाले व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है।
3. यह अधिनियम 16 वर्ष की आयु तक बेंचमार्क दिव्यांग बच्चों के लिये मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**120.'भारत में आरक्षण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1882 में मूल रूप से जाति-आधारित आरक्षण प्रणाली के विचार की कल्पना की थी।
2. आज जो आरक्षण प्रणाली विधमान है, वह सही अर्थों में वर्ष 1933 में शुरू की गई थी जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'सांप्रदायिक पुरस्कार' प्रस्तुत किया था।
3. संविधान का भाग XVI केंद्रीय और राज्य विधानमंडलों में एससी और एसटी के आरक्षण से संबंधित है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**121. 'आयुष्मान भारत योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य "स्वास्थ्य देखभाल पर जेब से होने वाले खर्च को कम करना" है।
2. यह प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के माध्यम से सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को शामिल करते हुए प्राथमिक और माध्यमिक देखभाल दोनों में अस्पताल में भर्ती के लिये कवरेज प्रदान करता है।
3. सरकार ने 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के आधार पर कवर किये जाने वाले परिवारों की एक सूची तैयार की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**122. भारत में न्यायिक प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित करता है जो एकीकृत होने के साथ-साथ स्वतंत्र भी है।
2. सर्वोच्च न्यायालय एक संघीय न्यायालय, अपील का सर्वोच्च न्यायालय, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गारंटर और संविधान का संरक्षक है।
3. सर्वोच्च न्यायालय के सभी व्यय भारत के सार्वजनिक खातों पर भारित किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**123. 'सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अशांत क्षेत्रों को भारत सरकार के नियंत्रण में लाने के लिये अधिनियमित किया गया था।
2. इसके प्रावधानों के तहत, सशस्त्र बलों को बिना वारंट के गोली चलाने, प्रवेश करने और तलाशी लेने तथा संज्ञेय अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार दिया गया है।
3. राज्य या केंद्र सरकार उन क्षेत्रों को विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या जातियों या समुदायों के सदस्यों के बीच मतभेद या विवादों के कारण अशांत मानती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**124. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ( PM-JAY ) के निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 दिनों तक अनुवर्ती देखभाल
2. आवास लाभ
3. खाद्य सेवाएँ
4. परिवहन भत्ता

उपरोक्त में से कितने PM-JAY के अंतर्गत कवर नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**125. 'काला सागर अनाज पहल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना यूक्रेन से शेष विश्व में महत्त्वपूर्ण खाद्य और उर्वरक निर्यात को फिर से शुरू करने के लिये की गई थी।
2. इस पहल की मध्यस्थता संयुक्त राष्ट्र और तुर्की द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच की गई थी।
3. पहल के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये एक संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**126. केबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पार्क लोकटक झील के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित है।
2. यह अपने तैरते गोलाकार दलदलों के लिये जाना जाता है, जिन्हें स्थानीय भाषा में फुमदी कहा जाता है।
3. This is the last natural habitat of the brow-antlered deer (Sangai, the dancing deer of Manipur.

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**127. 'लोकसभा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या और उसे आवंटित सीटों की संख्या के बीच का अनुपात पूरे राज्य में समान हो।
2. यह प्रावधान 60 लाख से कम जनसंख्या वाले राज्य पर लागू नहीं होता है।
3. 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम ने राज्यों को लोकसभा में सीटों के आवंटन और प्रत्येक राज्य को 1971 के स्तर पर वर्ष 2000 तक क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित करने पर रोक लगा दी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

128.'संसदीय प्रणाली' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसदीय प्रणाली में विधायिका का विघटन करने का अधिकार कार्यपालिका को प्राप्त है।
2. मंत्रियों को गोपनीयता की शपथ राष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाती है।
3. कार्यपालिका संसद के प्रति उत्तरदायी नहीं है और उसे अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाया नहीं जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

129. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को निष्कासित करने से संबंधित प्रक्रिया को नियंत्रित करता है।
2. महाभियोग पर लोकसभा के मामले में 50 सदस्यों या राज्यसभा के मामले में 25 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किये जाने की आवश्यकता होती है।
3. आरोपों की जाँच के लिये तीन सदस्यीय समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद् शामिल होने चाहिये।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

130. जनहित याचिका ( PIL ) से संबंधित निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय में भारतीय संविधान की धारा 32 ।
2. उच्च न्यायालय में भारतीय संविधान की धारा 226।
3. मजिस्ट्रेट न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 ।
4. मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर संविधान का अनुच्छेद 19।

**जनहित याचिका दायर करने के संबंध में उपर्युक्त प्रावधानों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

131. संसदीय समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये ?

1. तदर्थ समितियों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- जाँच समितियाँ और सलाहकारी समितियाँ।
2. सार्वजनिक उपक्रम संबंधी समिति एक तदर्थ समिति है।
3. सलाहकारी समितियों में विधेयकों पर चयनित या संयुक्त समितियाँ शामिल होती हैं, जिन्हें विशेष विधेयकों पर विचार करने के साथ रिपोर्ट करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**132. 'बाल श्रम ( निषेध और विनियमन ) संशोधन अधिनियम, 2016' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक उद्यम में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नियोजन अवैध है।
2. यह बाल श्रमिकों के घंटों और कार्य करने की स्थितियों को नियंत्रित करता है तथा बाल श्रमिकों को जोखिम वाले उद्योगों में नियोजित होने से रोकता है।
3. बच्चों को केवल विद्यालय के समय के बाद या छुट्टियों के दौरान कार्य करने की अनुमति दी जाती है, बशर्ते कि वह व्यवसाय जोखिम भरा न हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**133. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्र/अंतर्राष्ट्रीय संगठन काला सागर अनाज पहल के संयुक्त समन्वय केंद्र ( JCC ) से संबद्ध नहीं है ?**

A. यूरोपीय संघ
B. रूस
C. यूक्रेन
D. संयुक्त राष्ट्र

**134. सिंधु जल संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस संधि द्वारा निर्धारित किया गया कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल भारत और पाकिस्तान के बीच किस प्रकार साझा किया जाएगा।
2. इसके अंतर्गत तीन नदियों रावी, ब्यास और सतलज को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया गया था।
3. इस संधि द्वारा भारत को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये तीन नदियाँ सिंधु, चिनाब और झेलम आवंटित की गई हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**135. 'सकल मूल्य वर्द्धन ( Gross Value Added- GVA )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल मूल्य वर्द्धन (GVA) में उद्योगों से प्राप्त मूल्य तथा मध्यवर्ती खपत मूल्य दोनों का योग शामिल होता है।
2. GVA को मूल्य उत्पादों पर कर सहित सभी क्षेत्रों द्वारा भारित मूल्य को जोड़कर और फिर उन उत्पादों से संबंधित सब्सिडी को घटाकर प्राप्त किया जाता है।
3. GVA का उपयोग दोहरी गणना से बचने और किसी अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन एवं उत्पादकता का अधिक सटीक प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु GDP को समायोजित करने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**136. डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने हरिजन सेवक संघ की स्थापना की जिसने वर्ष 1937 में बंबई में केंद्रीय विधानसभा चुनावों में भाग लिया।
2. "एनिहिलेशन ऑफ कास्ट" प्रख्यात समाज सुधारक और विद्वान डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा लिखित एक अभूतपूर्व और प्रभावशाली कृति है।
3. अंबेडकर ने रक्षा सलाहकार समिति और वायसराय की कार्यकारी परिषद में श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**137. 'मुख्यमंत्री' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये विशिष्ट प्रक्रियाएँ शामिल हैं।
2. संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त होने से पहले, किसी व्यक्ति को विधानसभा में अपना बहुमत प्रदर्शित करना होगा।
3. संविधान के अनुसार मुख्यमंत्री को केवल राज्य विधानसभा का ही सदस्य होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D.कोई नहीं

**138. कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( AI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AI प्रोग्रामिंग ला लर्निंग पक्षमें लर्निंग डेटा प्राप्त करने तथा इसे कार्रवाई योग्य जानकारी में परिवर्तित करने के लिये नियम बनाने पर केंद्रित है।
2. AI प्रोग्रामिंग में रीज़निंग वांछित परिणाम तक पहुँचने के लिये सही एल्गोरिदम चुनने पर केंद्रित है।
3. AI में क्रिएटिविटी तंत्रिका नेटवर्क, नियम-आधारित प्रणाली, सांख्यिकीय विधियों के साथ अन्य AI तकनीकों का उपयोग करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**139. निम्नलिखित में से कौन-सा सूचकांक श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित नहीं किया जाता है ?**

A. CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)
B. औद्योगिक श्रमिकों के लिये CPI
C. कृषि मज़दूर के लिये CPI
D. ग्रामीण मज़दूर के लिये CPI

**140. "ESG फंड" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ESG पर्यावरण, सामाजिक और शासन का संक्षिप्त रूप है।
2. ESG फंड वे फंड हैं जिनके परिसंपत्ति आवंटन में ज्यादातर ऐसी कंपनियों के शेयर और बॉण्ड शामिल होते हैं जिनका मूल्यांकन पर्यावरण, सामाजिक और शासन के कारकों पर किया जाता है।
3. निवेश के लिये स्टॉक का चयन करते समय ESG फंड केवल पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और शासन के आधार पर कंपनियों की संक्षिप्त सूची तैयार करता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**141. निम्नलिखित में से किस राष्ट्र ने चागई श्रृंखला के परमाणु परीक्षण किये?**

A. भारतीय
B. पाकिस्तान
C. सूडान
D. इज़राइल

**142. 'राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women- NCW)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की स्थापना घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत की गई थी।
2. इसका उद्देश्य कानूनी और संवैधानिक सुधारों के माध्यम से भारत में महिलाओं के लिये न्यायपूर्ण तथा न्यायसंगत गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है।
3. भारत में महिलाओं की स्थिति पर समिति (CSWI) ने महिलाओं के लिये एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**143. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत के संविधान में निहित एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसका अध्यक्ष भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश अथवा सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश होना चाहिये।
3. अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**144. निम्नलिखित सदस्यों पर विचार कीजिये:**

A. प्रधानमंत्री
B. लोकसभा अध्यक्ष
C. राज्य सभा के सभापति
D. केंद्रीय गृह मंत्री

**नोट :**

**उपर्युक्त में से कितने लोग राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति की सिफारिश करने वाली छह सदस्यीय समिति का हिस्सा हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**145. 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन ( UNESCO )' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है।
2. UNESCO के तीन सदस्य देश कुक आइलैंड्स, नीयू और फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र के सदस्य नहीं हैं।
3. संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य राष्ट्र UNESCO के सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**146. राज्य के उच्च न्यायालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1862 में इलाहाबाद, बॉम्बे और मद्रास में उच्च न्यायालय की स्थापना के साथ भारत में उच्च न्यायालय की संस्था की शुरुआत हुई।
2. वर्ष 1956 के सातवें संशोधन अधिनियम द्वारा संसद को प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिये एक अलग उच्च न्यायालय स्थापित करने हेतु अधिकृत किया गया।
3. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**147. हाइड्रोजन बम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाइड्रोजन बम को अपनी विनाशकारी शक्ति परमाणु विखंडन अभिक्रियाओं से मिलती है।
2. वह अभिक्रिया जिसमें दो अथवा दो से अधिक परमाणु नाभिकों के संयोजन से एक या अधिक विशिष्ट परमाणु नाभिक और उपपरमाण्विक कण बनते हैं, परमाणु विखंडन कहलाती है।
3. मैनहट्टन परियोजना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पहला हाइड्रोजन बम विकसित करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा संचालित एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**148. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: एम.सी मेहता बनाम भारत संघ मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'पूर्ण दायित्त्व सिद्धांत' की शुरुआत की।**

**कथन-II: खतरनाक गतिविधियों में शामिल कोई भी उद्योग जो किसी दुर्घटना के माध्यम से पर्यावरण अथवा लोगों को हानि पहुँचाता है, उसे पूरी तरह से उत्तरदायी ठहराया जाएगा।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I के लिए सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II ,कथन-1 के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**149. नियंत्रित मानव संक्रमण अध्ययन (Controlled Human Infection Studies- CHIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें स्वस्थ मानव स्वयंसेवकों को नियंत्रित परिस्थितियों में संक्रामक एजेंटों के संपर्क में लाया जाता है।
2. इन अध्ययनों का प्राथमिक उद्देश्य रोगजनकों के व्यवहार, मानव प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की बेहतर समझ हासिल करना और संभावित टीकों का परीक्षण करना है।
3. इसका उपयोग केवल विभिन्न संक्रामक वायरस और बैक्टीरिया का अध्ययन करने के लिये किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**150. SARS-CoV-2 वायरस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कोरोना वायरस बीमारी यानी कि कोविड-19 के लिये ज़िम्मेदार वायरस है।
2. SARS-CoV-2 में एक पॉजिटिव-सेंस सिंगल-स्ट्रेंडेड जीनोमिक RNA होता है।
3. कोरोना वायरस RNA संश्लेषण प्रतिकृति-प्रतिलेखन कॉम्प्लेक्स (RTC) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नही

**151. मानव पैपिलोमावायरस (Human papillomavirus- HPV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से मानव पैपिलोमावायरस (Human papillomavirus- HPV) के उच्च जोखिम वाले प्रकारों के निरंतर संक्रमण के कारण होता है।
2. चतुर्भुज टीका चार प्रकार के HPV यानी HPV16, 18, 6 और 11 से संरक्षण प्रदान करता है।
3. सभी HPV संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का कारण नहीं बनते, वास्तव में कई HPV संक्रमण बिना किसी स्वास्थ्य समस्या के स्वत: ठीक भी हो जाते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नही

**152. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (Protection of Children from Sexual Offences- POCSO) अधिनियम 2012 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य विशेष न्यायालय, विशेष लोक अभियोजक, विशेष किशोर पुलिस इकाइयाँ और बाल कल्याण समितियाँ स्थापित करना है।
2. इस अधिनियम के अनुसार बच्चे की सहमति से किसी बच्चे के साथ नॉन-पेनीट्रेटिव कृत्य अपराध नहीं है।
3. इस अधिनियम के तहत यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी अपराध से संबंधित कोई जानकारी हो, तो उसे पुलिस अथवा बाल कल्याण समिति इसकी रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नही

**153. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत किसी भी SC और ST पर होने वाले किसी भी नुकसान अथवा उत्पीड़न से बचाने के लिये इस अधिनियम के उल्लंघनकर्त्ताओं से सुरक्षा प्रदान करना सिविल सेवक कका कर्त्तव्य है।
2. इसमें स्पष्ट है कि इस अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जाँच 30 दिनों के भीतर कम-से-कम पुलिस उपाधीक्षक (DSP) रैंक के अधिकारी द्वारा की जाएगी।
3. राज्य सरकारें आरोप पत्र दाखिल होने की तारीख से 2 महीने की अवधि के भीतर इस अधिनियम के तहत अपराधों की विशेष सुनवाई के लिये विशेष न्यायालय स्थापित कर सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नही

**154. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य "हमल पंचायत" से संबंधित है?**

A. महाराष्ट्र

B. उतार प्रदेश

C. बिहार

D. उत्तराखंड

**नोट :**

**155. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: एक चक्रीय अर्थव्यवस्था वह है जिसमें उत्पादों को स्थायित्त्व प्रदान करने, पुनः उपयोगी बनाने और पुनर्चक्रण के लिये डिज़ाइन किया जाता है, इस प्रकार लगभग हर चीज को पुनः उपयोगी, पुनः विनिर्माण और कच्चे माल में पुनर्चकृत किया जाता है अथवा ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है।**

**कथन-II: चक्रीय अर्थव्यवस्था उपयोग को अधिकतम करते हुए अपशिष्ट को कम करने पर केंद्रित है और एक ऐसे उत्पादन मॉडल का निर्माण करती है जिसका लक्ष्य स्थिरता तथा दीर्घकालिकता को बढ़ावा देने वाली प्रणाली बनाने के लिये सबसे अधिक मूल्य बनाए रखना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-1 के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, परंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, परंतु कथन-II सही है।

**156. 'विपक्ष के नेता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता, जिसकी सदन की कुल सदस्य संख्या का दसवाँ हिस्सा से कम न हो, को उस सदन में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी जाती है।
2. लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता को एक संवैधानिक इकाई के रूप में मान्यता दी गई है।
3. विपक्ष के नेता का उल्लेख भारत के संविधान के साथ-साथ क्रमशः सदन के नियमों और संसदीय कानून में किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई नहीं

**157. अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे लोकसभा में अपनाने के कारणों का उल्लेख करना चाहिये।
2. इसे किसी एक मंत्री या मंत्रियों के समूह या संपूर्ण मंत्रिपरिषद् के विरुद्ध लाया जा सकता है।
3. यदि यह लोकसभा में पारित हो जाता है, तो मंत्रिपरिषद् को पद से इस्तीफा देना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**158. 'युवा संसद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. युवा संसद की योजना चतुर्थ अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन की सिफारिश पर शुरू की गई थी।
2. इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को संसद की प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं से परिचित कराना था।
3. संसदीय कार्य मंत्रालय योजना शुरू करने के लिये राज्यों को आवश्यक प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**159. वर्ल्ड इकनोमिक आउटलुक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ल्ड इकनोमिक फोरम ने अपनी रिपोर्ट को वर्ल्ड इकनोमिक आउटलुक में एक संकेत देकर कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था हालिया चुनौतियों का सामना करने के बाद लचीलेपन के संकेत प्रदर्शित कर रही है।
2. वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्त्वपूर्ण अभिकर्त्ता यूरो क्षेत्र को रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण गैस की कीमतों में हालिया वृद्धि के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।
3. गैस की कीमतों में वृद्धि का यूरो क्षेत्र के अतिरिक्त विभिन्न ऊर्जा-निर्भर क्षेत्रों पर कोई प्रमुख प्रभाव नहीं पड़ता है, जिससे संभावित रूप से आर्थिक गतिविधि और निवेश में वृद्धि होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**160. 'यूरोक्षेत्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक भौगोलिक और आर्थिक क्षेत्र है जिसमें यूरोपीय संघ के देश शामिल हैं जिन्होंने यूरो को पूरी तरह से अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में शामिल कर लिया है।
2. क्रोएशिया, यूरोक्षेत्र का सदस्य है लेकिन शेंगेन क्षेत्र का नहीं।
3. यूरोपीय संघ के राष्ट्र जो यूरोक्षेत्र में भाग लेने का निर्णय लेते हैं उन्हें मूल्य स्थिरता, मज़बूत सार्वजनिक वित्त, अभिसरण के स्थायित्व और विनिमय दर स्थिरता से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**161. 'बागवानी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बागवानी पद्धतियों में विदेशी पौधों की खेती नहीं की जाती है।
2. एल.एच. बेली को भारतीय बागवानी का जनक माना जाता है।
3. परिदृश्य बागवानी, सजावटी बागवानी का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**162. वैधानिक तरलता अनुपात ( SLR ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SLR वाणिज्यिक बैंकों द्वारा सोने, तरल नकदी या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में रखी गई जमा राशि का न्यूनतम प्रतिशत है।
2. SLR भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित तथा तय की गई राजकोषीय नीति का एक हिस्सा है।
3. केंद्रीय सहकारी बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये SLR का रखरखाव बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 द्वारा अनिवार्य है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**163. 'वित्तीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन ( FRBM ) अधिनियम, 2003' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य देश के राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे को कम करना था।
2. उच्च ऋण-GDP अनुपात (Debt-to-GDP Ratio) के कारण FRBM अधिनियम, 2003 प्रस्तावित किया गया था।
3. FRBM अधिनियम का उद्देश्य सरकार की राजकोषीय नीति के उद्देश्यों, रणनीतियों और लक्ष्यों का खुलासा करके राजकोषीय पारदर्शिता एवं सरकारी उत्तरदायित्त्व में सुधार करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**164. 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद' ( NSC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करते हैं।
2. इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, तीनों सेनाओं के प्रमुख, विदेश सचिव, गृह सचिव और रक्षा सचिव शामिल हैं।
3. इस परिषद का गठन के. सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में भारत की सुरक्षा प्रणाली की जाँच के लिये एक समिति गठित करने के बाद किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**165. वास्तविक नियंत्रण रेखा ( LAC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वास्तविक नियंत्रण रेखा को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है: पश्चिमी, मध्य और पूर्वी।
2. पश्चिमी वास्तविक नियंत्रण रेखा लद्दाख, कश्मीर और उत्तराखंड से होकर गुजरती है।
3. LAC वर्तमान में दोनों देशों अर्थात भारत और चीन के बीच वास्तविक सीमा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**166. 'भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और बांग्लादेश के बीच ब्रह्मपुत्र नदी की जल विज्ञान संबंधी जानकारी के लिये समझौता ज्ञापन "बाढ़ के मौसम में ब्रह्मपुत्र नदी की जल विज्ञान संबंधी जानकारी के प्रावधान पर कार्यान्वयन योजना" पर हस्ताक्षर किये गए।
2. सतलुज नदी की जल विज्ञान संबंधी जानकारी के प्रावधान के लिये एक समझौता ज्ञापन भी लागू है।
3. चीन ने अब तक भारत में अपने बैंकों की कोई शाखा नहीं खोली है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**167. मतदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद और राज्य विधानसभाओं के मतदान के लिये प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिये एक अलग सामान्य मतदाता सूची होनी चाहिये।
2. राज्य विधानसभाएँ मतदान से संबंधित सभी मामलों में प्रावधान नहीं कर सकती हैं।
3. संविधान घोषित करता है कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित किसी भी कानून की वैधता पर किसी भी न्यायलय में सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**168. ह्यूमन इम्यूनोडिफिसिएंसी वायरस ( HIV ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आवश्यक नहीं है कि HIV से संक्रमित व्यक्ति को AIDS अवश्य होगा।
2. HIV शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में CD4, एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका (T cells/टी कोशिकाओं) पर हमला करता है
3. ल्यूकेमिया से पीड़ित एक अमेरिकी महिला, डोनर से प्राप्त स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के ज़रिये HIV से ठीक होने वाली तीसरी व्यक्ति बन गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**169. 'विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड ( SERB )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. SERB का लक्ष्य सर्वोत्तम प्रबंधन प्रणाली का निर्माण करना है जो बुनियादी अनुसंधान को बढ़ावा देने और वित्तपोषण के क्षेत्र में सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं से सुमेलित होगी।
2. विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) संसद के एक अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
3. बोर्ड संरचना, जिसमें वित्तीय और प्रशासनिक दोनों शक्तियाँ बोर्ड में निहित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**170. निम्नलिखित में से कौन-सा मुद्दा कस्तूरीरंगन समिति से संबंधित है ?**

A. पश्चिमी घाट

B. चुनाव सुधार

C. पर्यावरण प्रबंधन

D. कारागार सुधार

**171. रंगराजन समिति (वर्ष 2012) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रंगराजन समिति (वर्ष 2012) की स्थापना चीनी उद्योग के विनियमन पर सिफारिशें प्रदान करने के लिये की गई थी।
2. इस समिति ने चीनी के निर्यात और आयात पर मात्रात्मक नियंत्रण लागू करने की सिफारिश की, इन्हें टैरिफ द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जाना चाहिये।
3. राज्यों को भी मिलों को खोई (Bagasse) से उत्पन्न विद्युत् का उपयोग करने की अनुमति देने के लिये नीतिगत सुधार करना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**172. 'मौलिक अधिकारों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक अधिकार स्थायी हैं, इसलिये संसद मौलिक अधिकारों में कटौती या कमी कर सकती है, लेकिन केवल संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा।
2. मिनर्वा मिल्स मामले (1980) में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि ''भारतीय संविधान की स्थापना मूल अधिकारों और निदेशक सिद्धांतों के बीच संतुलन के आधार पर की गई है।''
3. सर्वोच्च न्यायालय एक संघीय न्यायालय, अपील की सर्वोच्च अदालत, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गारंटर और संविधान का संरक्षक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**173. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. NIA की स्थापना वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि में की गई थी, जिसे 26/11 की घटना के रूप में जाना जाता है।
2. NIA रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करती है।
3. NIA मानव तस्करी, जाली मुद्रा या बैंक नोटों से संबंधित अपराधों की जाँच करने के लिये अधिकृत नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**174. 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम केंद्र सरकार को केंद्र द्वारा राजपत्र नोटिस जारी करके किसी भी गतिविधि को गैरकानूनी घोषित करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है।
2. UAPA में मृत्युदंड एवं आजीवन कारावास की सज़ा को सबसे बड़ी सज़ा माना गया है।
3. वर्ष 2004 में एक संशोधन किया गया था जिसमें "आतंकवादी अधिनियम" को उन अपराधों की सूची में शामिल किया गया था जिनके लिये किसी संगठन को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण प्रतिबंधित किया जा सकता था।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**175. वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग हेतु राज्य सरकार की मंज़ूरी की आवश्यकता होती है।
2. यह अधिनियम राज्य सरकार और अन्य प्राधिकरणों को केंद्र सरकार की अनुमति के बिना पहले निर्णय लेने पर प्रतिबंध लगाता है।
3. यह वनों की अखंडता और क्षेत्र को संरक्षित करते हुए विविध पारिस्थितिक घटकों के संरक्षण को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**176. अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अरावली पर्वत शृंखला विश्व की सबसे पुरानी पर्वत शृंखलाओं में से एक है, लेकिन इसका निर्माण वलयन और पर्वतनी/ओरोजेनिक प्रक्रियाओं द्वारा नहीं हुआ है।
2. अरावली गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा होते हुए दिल्ली तक विस्तृत है।
3. राजस्थान में इन पहाड़ों को दो मुख्य शृंखलाओं सांभर-सिरोही पर्वतमाला तथा सांभर-खेतड़ी पर्वतमाला में विभाजित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**177. 'अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।:**

1. यह अधिनियम वन में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (OTFD) के वन अधिकारों को मान्यता देता है।
2. ग्राम सभा व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति और सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।
3. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अधिनियम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये नोडल एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**178. 'रवींद्रनाथ टैगोर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी को "महात्मा" की उपाधि दी।
2. वर्ष 1913 में उन्हें सोनार तोरी (द गोल्डन बोट) की रचना के लिये साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
3. वर्ष 1915 में ब्रिटेन के राजा जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड से सम्मानित किया। हालाँकि वर्ष 1919 में, जलियाँवाला बाग हत्याकांड की प्रतिक्रिया में उन्होंने अपनी नाइटहुड की उपाधि को त्यागने का फैसला किया।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**179. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण ( Periodic Labor Force Survey-PLFS ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण को राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का आकलन करना है।
3. श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR), PLFS के तहत अनुमानित प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**180. 'राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NSA सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के लिये वर्ष 1980 में बनाया गया एक निवारक निरोध कानून है।
2. भारतीय संविधान के अनुसार निवारक हिरासत का प्रावधान करने वाला कानून किसी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखने का अधिकार देगा।
3. यह अधिनियम एक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन का भी प्रावधान करता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर राष्ट्रपति को सलाह देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**181. आर्य समाज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्य समाज वर्ष 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित एक हिंदू एकेश्वरवादी सामाजिक-धार्मिक आंदोलन था।
2. वेदों का अचूक प्रमाण आर्य समाज के मूल सिद्धांतों में से एक था।
3. आर्य समाज ईश्वर की मूर्ति पूजा का विरोध के साथ ही पुनर्जन्म के विचार के विरुद्ध था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**182. निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण कृतियों पर विचार कीजिये:**

1. हिंदू महिलाओं का उदय और पतन
2. समता
3. स्वतंत्र लेबर पार्टी
4. मानसी

**उपर्युक्त में से कितने डॉ. भीम राव अम्बेडकर से संबंधित नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**183. महाड सत्याग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महाड सत्याग्रह शहर में दलितों को सार्वजनिक तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाने के लिये शुरू किया गया था।
2. महाड सत्याग्रह की स्मृति में प्रतिवर्ष भारत में सामाजिक अधिकारिता दिवस मनाया जाता है।
3. महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व दलितों और महिलाओं के उत्थान तथा सम्मान के लिये किया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**184. पाँचवीं अनुसूची निम्नलिखित में से किस राज्य के अतिरिक्त किसी अन्य राज्य में रहने वाले अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों पर लागू होती है?**

A. नगालैंड
B. मेघालय
C. मणिपुर
D. सिक्किम

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 42वें संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा निम्नलिखित पाँच विषयों को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया:
  - शिक्षा
  - वन
  - जंगली पशुओं और पक्षियों का संरक्षण
  - भार और मापन तथा
  - सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को छोड़कर सभी न्यायालयों का न्याय प्रशासन, गठन और संगठन **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) बहु राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) की स्थापना किसानों को लाभ पहुँचाने हेतु कृषि उपज के सहकारी विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- खेतिहर किसान NAFED के मुख्य सदस्य हैं जिन्हें NAFED की कार्यप्रणाली में सामान्य निकाय के सदस्य के रूप में अपनी बात कहने का अधिकार है। **अत: कथन 3 सही है।**

3.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत सार्क, बिम्सटेक और जी 20 का सदस्य है।
- भारत आसियान का सदस्य नहीं है। **अत: विकल्प A सही है।**

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1930 में प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने पहली बार महालनोबिस दूरी का प्रस्ताव रखा, जो दो डेटा सेट के बीच तुलना हेतु एक माप है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'सांख्य: द इंडियन जर्नल ऑफ स्टैटिस्टिक्स' की शुरुआत प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने की थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- उन्होंने भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-1961) तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने भारत में औद्योगीकरण और विकास का खाका तैयार किया। **अत: कथन 3 सही है।**

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 6 का उद्देश्य राष्ट्र को प्रभावित करने वाले उभरते मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संकेतकों पर सटीक और विश्वसनीय डेटा प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1990 की शुरुआत में इसकी स्थापना के बाद से, NFHS श्रृंखला ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर भारत के डेटाबेस को मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- 15-49 आयु वर्ग की महिलाओं, 15-54 आयु वर्ग के पुरुषों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ऊँचाई और वज़न माप के साथ-साथ रक्त ग्लूकोज़ और उच्च रक्तचाप माप भी शामिल किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस सर्वेक्षण में सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि देशभर के सभी 731 ज़िलों में महत्त्वपूर्ण संकेतकों के आँकड़े ज़िला स्तर पर उपलब्ध हो सके।
- मनुष्य का एक उप-नमूना हेपेटाइटिस B, हेपेटाइटिस C और एचआईवी के प्रयोगशाला परीक्षण के लिये फिंगर-स्टिक रक्त के नमूने प्रदान करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

6.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1687 में, मद्रास ने स्थानीय स्वशासन के लिये नगर निगम स्थापित करने वाला पहला भारतीय शहर होने का गौरव हासिल किया। इसके बाद वर्ष 1726 में बॉम्बे और कलकत्ता ने भी ऐसा ही किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत सरकार अधिनियम-1919 के अंतर्गत नए प्रांतीय विधानमंडलों को रिपोर्ट करने वाले मंत्रियों को स्थानीय स्वशासन का प्राधिकार दिया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार अधिनियम-1935 के अंतर्गत स्थानीय स्वशासन को एक प्रांतीय विषय बना दिया गया, जिससे प्रांतीय स्वायत्तता भी प्रारंभ हुई। **अत: कथन 3 सही है।**

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- शहरी 20 आयोजन के लिये प्राथमिकता वाले क्षेत्र इस प्रकार हैं:
  - पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करना
  - जल सुरक्षा सुनिश्चित करना
  - जलवायु वित्त में तेज़ी लाना
  - 'स्थानीय' क्षमता और पहचान का लाभ उठाना
  - शहरी प्रशासन और योजना ढाँचे का पुनर्निर्माण
- डिजिटल शहरी भविष्य को उत्प्रेरित करना **अत: विकल्प D सही है।**

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB), एक वैधानिक संगठन है, इसका गठन 'जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974' के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- CPCB के प्रमुख कार्यों का वर्णन जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, और वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 में किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विशिष्ट औद्योगिक गतिविधियों को संचालित करने वाले व्यक्तियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले जल पर उपकर लगाने और एकत्र करने के संबंध में एक प्रणाली स्थापित करने हेतु जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम को वर्ष 1977 में पारित किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

9.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69A के तहत राज्य के पास ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों और धन उधार देने वाले एप्लीकेशनों को बंद करने के आदेश जारी करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस प्रावधान की संवैधानिकता को श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ, 2015 मामले में चुनौती दी गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम में पर्याप्त प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय अंतर्निहित देखते हुए भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 69A और एप्लीकेशनों को बंद करने संबंधी नियमों की वैधता को बरकरार रखने का फैसला लिया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

10.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69A राज्य को "भारत की संप्रभुता और अखंडता, भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक आदेश या उपरोक्त आधारों से संबंधित किसी भी संज्ञेय अपराध के लिये उकसावे को रोकने के लिये" सहित कारणों के आधार पर आपात स्थिति के मामलों को अवरुद्ध करने के आदेश जारी करने का अधिकार देती है। **अतः विकल्प D सही है।**

11.

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- यदि कोई राज्य उन मामलों पर संघ द्वारा दिये गए सभी निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है जिनके लिये वह सशक्त है तो राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा को इसके जारी होने के दो माह के अंतर्गत संसद के दोनों सदनों में अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा को साधारण बहुमत से अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

12.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जो सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के योग्य हो। **अतः कथन 2 सही है।**
- वह भारत का नागरिक होना चाहिये, उसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का पाँच वर्षों का अनुभव हो अथवा किसी उच्च न्यायालय में वकालत का 10 वर्षों का अनुभव हो अथवा राष्ट्रपति के मतानुसार वह न्यायिक मामलों का योग्य व्यक्ति हो।
- महान्यायवादी के पद की अवधि संविधान द्वारा तय नहीं है। इसके अलावा, संविधान में उन्हें हटाने की प्रक्रिया और का कोई वर्णन नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- उसके पारिश्रमिक का निर्धारण राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

13.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 प्रदर्शन करने वाले पशुओं की प्रदर्शनी तथा प्रदर्शन के विरुद्ध किये गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम के अंतर्गत पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम (केस प्राप्टी एनिमल की देखभाल एवं रखरखाव) नियम, 2017 बनाया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) की स्थापना वर्ष 1962 में अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

14.

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- B-R-I-C-S के अनुसार प्रत्येक वर्ष फोरम की अध्यक्षता इसके सदस्यों के बीच क्रमिक रूप से की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- फोर्टालेज़ा घोषणा के परिणामस्वरूप न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना हुई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने BRICS से सहायता लिये बिना अफगानिस्तान में ज़रांज-डेलाराम राजमार्ग का निर्माण किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**15.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक बहु-विषयक संगठन है जिसके पास धन शोधन संबंधी अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करने का अधिकार प्राप्त है।
- क्षेत्रीय कार्यालयों का नेतृत्त्व विशिष्ट प्रवर्तन निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालयों का नेतृत्त्व एक उप निदेशक और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों का नेतृत्त्व एक सहायक निदेशक द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रवर्तन निदेशालय को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) को लागू करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**16.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का वर्ष 1906 का अधिवेशन कलकत्ता में हुआ, जिसके अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी थे, जिसमें चार प्रस्ताव: स्वराज (स्वशासन), बहिष्कार आंदोलन, स्वदेशी और राष्ट्रीय शिक्षा को अपनाया गया था। **अतः विकल्प A सही है।**

**17.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे ने क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2024 के नवीनतम संस्करण में विश्व के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में जगह बनाकर एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर शीर्ष 10 में प्रवेश करने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 45 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग के साथ भारत विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है। **अतः कथन 3 सही है।**

**18.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2024 में तीन नए संकेतक पेश किये गए- स्थिरता, रोज़गार प्रदान करने में प्रदर्शन और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क जिसमें प्रत्येक का योगदान 5% है। **अतः विकल्प A सही है।**

**19.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- NRF भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने वाली एक शीर्ष संस्था होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2023 की सिफारिशों के अनुरूप होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह वर्ष 2008 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (Science and Engineering Research Board- SERB) को प्रतिस्थापित करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) एक व्यापक परिषद है जो भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय को विशिष्ट विज्ञान और प्रौद्योगिकी डोमेन में स्थिति का आकलन करने तथा चुनौतियों को समझने की सुविधा प्रदान करती है। साथ ही यह प्रधानमंत्री की सलाह पर भविष्य का रोडमैप विकसित करने विशिष्ट हस्तक्षेप प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PM-STIAC, को PSA कार्यालय के साथ मिलकर इन्वेस्ट इंडिया में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम (PMT) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन्वेस्ट इंडिया में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम (PMT), PM-STIAC के अंतर्गत '9 राष्ट्रीय मिशनों" की डिलीवरी और प्रगति की सुविधा प्रदान करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**21.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- 'समान नागरिक संहिता' शब्द का भारतीय संविधान के भाग 4, अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। अनुच्छेद 44 के अनुसार, "राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।" **अत: विकल्प A सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दो अथवा दो से अधिक राज्यों के लिये समान उच्च न्यायालय की स्थापना के मामले में, राष्ट्रपति द्वारा संबंधित राज्यों के राज्यपालों से परामर्श किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**23.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- जीएसटी एक एकीकृत कर प्रणाली है, यह केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा लगाए जाने वाले अनेकों अप्रत्यक्ष करों को प्रतिस्थापित करता है। जीएसटी कानून में निम्नलिखित अधिनियम शामिल हैं:
  - केंद्रीय वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017 जिसमें केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (जम्मू और कश्मीर तक विस्तारित) अधिनियम, 2017 शामिल है।
  - राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 जैसा कि संबंधित राज्यों द्वारा अधिसूचित किया गया है।
  - केंद्र शासित प्रदेश वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017।
  - एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017.
  - एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (जम्मू और कश्मीर अधिनियम, 2017 तक विस्तारित)।
  - वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों को मुआवज़ा) अधिनियम, 2017।
  - संबंधित अधिनियमों के तहत जारी नियम, अधिसूचनाएँ, संशोधन और परिपत्र। **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**24.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- न्यायिक समीक्षा का सिद्धांत संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पन्न और विकसित हुआ। **अत:, कथन 1 सही है।**
- संविधान सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ उच्च न्यायालयों को भी न्यायिक समीक्षा की शक्ति प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा न्यायिक समीक्षा की शक्ति को कम अथवा ख़त्म नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य निगम (FCI) खाद्यान्न की आपूर्ति बढ़ाने के लिये समय-समय पर खुले बाज़ार में ई-नीलामी के माध्यम से गेहूँ और चावल के अधिशेष स्टॉक को पूर्व निर्धारित कीमतों पर बेचता है।
- OMSS का उद्देश्य FCI द्वारा निर्धारित गेहूँ और चावल के अधिशेष स्टॉक का निपटान करना तथा खुले बाज़ार में गेहूँ की कीमतों को विनियमित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गेहूँ के लिये खुला बाज़ार बिक्री योजना (OMSS) का संचालन भारतीय खाद्य निगम (FCI) द्वारा नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (NCDEX) के प्लेटफॉर्म पर किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCDEX का प्राथमिक लक्ष्य कृषि उत्पादों को बेचने के इच्छुक बाज़ार सहभागियों को विनिमय के लिये एक मंच प्रदान करना है।
- OMSS में बड़े ग्राहकों या निजी व्यापारियों को गेहूँ की ई-नीलामी बिक्री शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये जा रहे 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अलावा प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त मंत्रालय इसका नोडल मंत्रालय है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के तहत इस योजना के माध्यम से कोई भी प्रवासी श्रमिक या लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- "ग्राम" शब्द वर्ष 1884 में हंस क्रिश्चियन ग्राम द्वारा विकसित एक स्पेसिमेन स्टैनिंग मेथड को संदर्भित करता है।
  - इसमें किसी जीव को क्रिस्टल वायलेट या मेथिलीन ब्लू डाई से रंगना और फिर माइक्रोस्कोप के नीचे जीव का निरीक्षण करना शामिल है।
- बैक्टीरिया को दो समूहों ग्राम पॉजिटिव और ग्राम-नेगेटिव में वर्गीकृत किया गया है।
- बैसिलस एन्थ्रेसीस को ग्राम पॉजिटिव के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्राम-नकारात्मक बैक्टीरिया बैंगनी रंग की विशेषता वाला एक धुंधला पैटर्न प्रदर्शित करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - ग्राम-पॉजिटिव बैक्टीरिया धुंधला होने के बाद गुलाबी या लाल रंग प्रदर्शित करते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

28.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'विशाखा दिशा-निर्देश', कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का आधार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नियोक्ताओं को एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। अतः कथन 2 सही है।
- अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन न करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है, जिसमें जुर्माना और व्यापार लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- बीजिंग में स्थित SCO सचिवालय, मुख्य स्थायी कार्यकारी निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस सचिवालय का नेतृत्त्व विदेश मामलों के मंत्रियों की परिषद द्वारा नामित और राज्य परिषद के प्रमुखों द्वारा अनुमोदित महासचिव द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- महासचिव को SCO सदस्य देशों के नागरिकों में से रूसी वर्णमाला क्रम में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये क्रमिक रूप से चुना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विराम (Respite) का तात्पर्य मूल रूप से दी गई सज़ा के बदले सज़ा को कम करना है। प्रविलंबन (Reprieve) का अर्थ है अस्थायी समय के लिये किसी सज़ा (विशेषकर मृत्युदंड) के निष्पादन पर रोक लगाना। इसका उद्देश्य दोषी को राष्ट्रपति से क्षमा या लघुकरण प्राप्त करने के लिये समय देना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह विशेष परिस्थितियों के कारण दिया जाता है, जैसे किसी दोषी की शारीरिक दिव्यांगता अथवा किसी महिला अपराधी की गर्भावस्था। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रविलंबन का उद्देश्य दोषी को राष्ट्रपति से क्षमा अथवा लघुकरण प्राप्त करने के लिये समय देना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

31.

उत्तर: A

व्याख्या:

- शंघाई सहयोग संगठन की संरचनात्मक
  - राज्य परिषद के प्रमुख
  - सरकारी परिषद के प्रमुख
  - विदेश मामलों के मंत्रियों की परिषद
  - मंत्रालयों और/अथवा एजेंसियों के प्रमुखों की बैठकें
  - राष्ट्रीय समन्वयक परिषद
  - क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना
  - SCO सचिवालय
  - निर्णय लेने की प्रक्रिया

- निर्णयों का कार्यान्वयन
- गैर सरकारी निकाय
- शंघाई सहयोग संगठन की व्यापार परिषद
- SCO इंटरबैंक कंसोर्टियम **अत: विकल्प A सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक तय करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कार्यकारी परिषद ILO की मुख्य शासी निकाय है जिसकी एक वर्ष में तीन बार बैठक होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में विपक्ष के नेता/नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी जाती है जिसने सदन की कुल सीटों का कम से कम दसवें हिस्से पर विजय हासिल की हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- विपक्ष के नेता का मुख्य कार्य सरकार की नीतियों की रचनात्मक आलोचना करना और वैकल्पिक सरकार प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता को वर्ष 1977 में वैधानिक मान्यता दी गई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- भारतीय संविधान में निम्नलिखित तत्त्व अमरिकी संविधान से उद्धृत हैं:
- मौलिक अधिकार
- न्यायपालिका की स्वतंत्रता
- न्यायिक समीक्षा
- राष्ट्रपति पर महाभियोग
- उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाया जाना
- उपराष्ट्रपति का पद **अत: विकल्प C सही है।**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्ज़र्वेटरी (LIGO) भारत का निर्माण भारत में परमाणु ऊर्जा विभाग तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अमेरिकी राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन के साथ मिलकर किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय LIGO में दो लंबवत 4-किमी लंबे वैक्यूम चैंबर होंगे, जो विश्व में सबसे संवेदनशील इंटरफेरोमीटर हैं। **अत: कथन 2 सही है। अत: विकल्प B सही है।**

**नोट :**

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) एक आर्थिक संकेतक है जो देश के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दशा और दिशा के संबंध में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ब्याज दरों पर निर्णय लेते समय केंद्रीय बैंक क्रय प्रबंधक सूचकांक को अक्सर महत्त्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों में से एक मानते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे 0 से 100 तक की संख्या द्वारा दर्शाया जाता है।
- संबद्ध क्षेत्रों के विस्तार और संकुचन के बीच अंतर करने के लिये एक सीमा मान की स्थापना की गई है।
- इसे आमतौर पर 50 पर सेट किया जाता है, जिसमें 50 से ऊपर PMI मान विस्तार को इंगित करता है, जबकि 50 से नीचे का मान संकुचन को इंगित करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स मार्केट (NCDEX) एक भारतीय कमोडिटी एक्सचेंज है जो कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स मार्केट (NCDEX) को कंपनी अधिनियम 1956 के तहत शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- NCDEX भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा शासित होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

38.

उत्तर: A

व्याख्या:

- गर्म जल के कारण प्रशांत जेट स्ट्रीम अपनी तटस्थ स्थिति से दक्षिण की ओर बढ़ने लगती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के उत्तरी क्षेत्रों में असामान्य रूप से गर्म और शुष्क स्थिति का अनुभव होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सामान्य परिस्थितियों की तुलना में अमेरिकी खाड़ी तट और दक्षिणपूर्व में वर्षा में अपेक्षित वृद्धि और बाढ़ का खतरा अधिक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

39.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हिग्स-बोसोन के Z बोसोन और एक फोटॉन में क्षय की खोज वैज्ञानिकों या शोधकर्त्ताओं की एक टीम द्वारा एक विशिष्ट शोध संस्थान या प्रयोग में की गई थी, जैसे कि CERN (यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन) में लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC)। **अतः विकल्प B सही है।**

40.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उच्चतम न्यायलय ने अनुराधा भसीन और फहीमा शिरीन सहित विभिन्न फैसलों में कहा है है कि इंटरनेट तक पहुँच को संरक्षित किया जाना चाहिये। शटडाउन केवल उन स्थितियों में किया जाना चाहिये जिनमें असाधारण नियंत्रण और निगरानी की आवश्यकता होती है। न्यायलय ने कहा है कि शटडाउन अस्थायी, सीमित दायरे वाला, वैध और आनुपातिक होना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- अनुच्छेद 19 (2) के अनुसार जहाँ भी आवश्यक हो, उचित प्रतिबंध लगाए जाने चाहिये। आधारों में राष्ट्र, राष्ट्रीय संप्रभुता, अखंडता और रक्षा के लिये खतरा, किसी संज्ञेय अपराध के लिये उकसाने या उसे अंजाम देने से बचना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

संविधान सभा की प्रमुख समितियाँ:

- संघ शक्ति समिति - जवाहरलाल नेहरू
- संघ संविधान समिति -जवाहरलाल नेहरू
- प्रांतीय संविधान समिति -सरदार पटेल
- प्रारूप समिति - डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
- मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय और बहिष्कृत क्षेत्रों पर सलाहकार समिति - सरदार पटेल।
- इस समिति में निम्नलिखित पाँच उप-समितियाँ थीं:
- मौलिक अधिकार उप-समिति - जे.बी. कृपलानी
- अल्पसंख्यक उप-समिति - एच.सी. मुखर्जी
- उत्तर-पूर्व सीमांत जनजातीय क्षेत्र और असम बहिष्कृत और आंशिक रूप से बहिष्कृत क्षेत्र उप-समिति -गोपीनाथ बारदोलोई
- बहिष्कृत और आंशिक रूप से बहिष्कृत क्षेत्र (असम के अतिरिक्त) उप-समिति - ए.वी. ठक्कर
- उत्तर-पश्चिम सीमांत जनजातीय क्षेत्र उप-समिति
- प्रक्रिया समिति के नियम - डॉ. राजेंद्र प्रसाद
- राज्य समीति (राज्यों के साथ संवाद के लिये समिति) - जवाहरलाल नेहरू
- संचालन समिति - डॉ. राजेंद्र प्रसाद **अतः विकल्प C सही है।**

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अल्बर्ट आइंस्टीन को वर्ष 1921 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हालाँकि उन्हें सापेक्षता के अपने प्रसिद्ध सिद्धांत के लिये पुरस्कार नहीं मिला था। इसके बाबजूद नोबेल समिति ने सैद्धांतिक भौतिकी में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी विशेष रूप से प्रकाश-विद्युत प्रभाव की व्याख्या जिसने क्वांटम भौतिकी के विकास की नींव रखी थी। **अतः विकल्प D सही है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनगणना:**

- परिभाषा:
  - जनसंख्या जनगणना किसी देश अथवा देश के एक सुपरिभाषित हिस्से के सभी व्यक्तियों से संबंधित जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक डेटा को एक विशिष्ट समय पर एकत्र करने, संकलित करने, विश्लेषण करने अट्टहा प्रसारित करने की समग्र प्रक्रिया है।
- चरण: भारत में जनगणना कार्य दो चरणों में किया जाता है:
  - मकान सूचीकरण/आवास जनगणना, इसके तहत सभी भवनों, स्थायी अथवा अस्थायी, का विवरण उनके प्रकार, वहाँ उपलब्ध सुविधाओं तथा संपत्तियों के साथ नोट किया जाता है।

- जनसंख्या गणना, इसमें देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति, भारतीय नागरिक या अन्यथा के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी नोट की जाती है।
- यह सर्वेक्षण किये गए सभी घरों की सूची बनाने के बाद किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- आवृत्ति:
  - पहली समकालिक जनगणना वर्ष 1881 में भारत के जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी. प्लोडेन द्वारा की गई थी। तब से, प्रत्येक दस वर्ष में एक बार निर्बाध रूप से जनगणना की जाती रही है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 जनगणना संबंधी कानूनी ढाँचा प्रदान करता है, हालाँकि, इसमें इसके समय अथवा आवधिकता का उल्लेख नहीं है।
  - इसलिये, भारत में जनगणना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है लेकिन इसे दशकीय आधार पर आयोजित करने की कोई संवैधानिक या कानूनी अनिवार्यता नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नोडल मंत्रालय:
  - दशकीय जनगणना का संचालन गृह मंत्रालय के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा किया जाता है।

**44.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## ओपन मार्केट सेल स्कीम ( OMSS ):

- भारतीय खाद्य निगम खाद्यान्न की आपूर्ति बढ़ाने के लिये समय-समय पर खुले बाज़ार में ई-नीलामी के माध्यम से गेहूँ और चावल के अधिशेष स्टॉक को पूर्व निर्धारित कीमतों पर बेचता है।
- OMSS का उद्देश्य FCI द्वारा संगृहित गेहूँ और चावल के अधिशेष स्टॉक का निपटान करना और खुले बाज़ार में गेहूँ की कीमतों को विनियमित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FCI नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड के प्लेटफॉर्म पर गेहूँ के लिये OMSS हेतु साप्ताहिक नीलामी का आयोजन करता है।
- NCDEX भारत में एक कमोडिटी एक्सचेंज़ प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न कृषि और अन्य वस्तुओं में व्यापार के लिये एक मंच प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**45.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## विश्व व्यापार संगठन का अपीलीय निकाय :

- परिचय:
  - WTO की स्थापना व्यापार को उदार बनाने और नियम निर्धारण के लिये संवाद हेतु एक मंच प्रदान करने के साथ-साथ बहुपक्षीय व्यापार के अनुवीक्षण तथा प्रशासन करने के लिये की गई थी।
  - इसका एक प्रमुख उद्देश्य वैश्विक व्यापार के लिये न्यायालय के रूप में कार्य करके अपने सदस्यों की शिकायतों को दूर करना भी था।
  - वर्ष 1995 में स्थापित अपीलीय निकाय, चार वर्ष की सीमित अवधि के साथ सात लोगों का एक स्थायी निकाय है जो व्यापार विवादों के लिये सदस्यों द्वारा की जाने वाली अपील पर विचार करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संरचना:
  - अपीलीय निकाय में सात सदस्य होते है जिन्हें विवाद निपटान निकाय द्वारा चार वर्ष की अवधि के लिये नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - प्रत्येक सदस्य को अगले चार वर्ष के कार्यकाल के लिये पुनः नियुक्त किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**46.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

## गैर-निष्पादित परिसंपत्ति:

- NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है जो डिफॉल्ट हैं या मूलधन या ब्याज के निर्धारित भुगतान पर बकाया हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ज्यादातर मामलों में, ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि के लिये नहीं किया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**
- सकल गैर-निष्पादित संपत्ति उन सभी ऋणों का योग है जो उन व्यक्तियों द्वारा चुकाए गए हैं जिन्होंने वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त किया है।
- शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ वह राशि है जो प्रावधान राशि को सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से कटौती कर लेने के बाद प्राप्त होती है।

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## ऑपरेशन ग्रीन:

- यह एक मूल्य निर्धारण योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना ऑपरेशन फ्लड की तर्ज पर प्रारंभ की गई है साथ ही इसका उद्देश्य फलों,सब्जियों में दूध उत्पादन में प्राप्त की गई सफलता को दोहराना है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसका उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (FPO), कृषि-लॉजिस्टिक्स, प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ कृषि-उपज के पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देना है।
- यह किसानों को उपभोक्ताओं के बीच संपर्क स्थापित करते हुए टमाटर, प्याज और आलू (शीर्ष सब्जियां) के संगठित विपणन पर ध्यान केंद्रित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्य कृषि और अन्य विपणन महासंघ, किसान उत्पादक संगठन (FPO), सहकारी समितियाँ, कंपनियाँ, स्वयं सहायता समूह(SHGs), खाद्य प्रसंस्करणकर्त्ता आदि इसके अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- योजना के संरचनात्मक और बुनियादी ढाँचे में सहायता करने के लिये, कृषि बाज़ार समिति (APMC) द्वारा प्रचारित बाज़ारों को e-NAM प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा।

**48.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

- अल-नीनो:
  - अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप से गर्म होने का वर्णन करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) नामक एक बड़ी घटना का "गर्म चरण" है।
  - यह ला नीना की तुलना में अधिक बार होता है।
- प्रभाव:
  - महासागर पर प्रभाव: अल नीनो समुद्र के तापमान, समुद्री धाराओं की गति और शक्ति , तटीय मत्स्य पालन के स्वास्थ्य और ऑस्ट्रेलिया से दक्षिण अमेरिका तथा उससे आगे तक स्थानीय मौसम पर भी प्रभाव डालता है।

- वर्षा में वृद्धि: गर्म सतही जल के ऊपर संवहन से वर्षा में वृद्धि होती है।
- दक्षिण अमेरिका में वर्षा में भारी वृद्धि हुई है, जो तटीय बाढ़ और कटाव में योगदान दे रही है।
- बाढ़ और सूखे के कारण होने वाले रोग : बाढ़ या सूखे जैसे प्राकृतिक खतरों से उससे प्रभावित समुदायों में बीमारियाँ पनपती हैं।
- सकारात्मक प्रभाव: इसका कभी-कभी सकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है, उदाहरण के लिये, अल नीनो अटलांटिक में तूफान की घटनाओं को कम कर देता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पश्चिम की ओर गर्म जल की सतह से इक्वाडोर(Ecuador), पेरू और चिली की ओर ठंडे जल की सतह पर वृद्धि दिख रही है। इस प्रक्रिया को अपवेलिंग के रूप में जाना जाता है।
- ऊपर की ओर से स्वच्छ, पोषक तत्वों से भरपूर जल समुद्र की ऊपरी परत यूफॉथिक ज़ोन तक बढ़ जाती है।

- अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO):
  - ला नीना और अल नीनो के संयुक्त चरणों को अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) कहा जाता है और यह पूरे ग्रह पर वर्षा पैटर्न, वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण और वायुमंडलीय दबाव को प्रभावित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## समान नागरिक संहिता (UCC):

- समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों का भाग है। अत: कथन 1 सही है।
- ये सिद्धांत कानूनी तौर पर लागू करने योग्य नहीं हैं, बल्कि यह नीतियाँ बनाने में राज्य का मार्गदर्शन करने के लिये हैं।
  - कुछ लोगों ने राष्ट्रीय एकता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के तरीके के रूप में इसका समर्थन किया है, लेकिन कुछ लोगों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिये खतरा बताकर इसका विरोध किया है।
- भारत में UCC को लागू करने वाला एकमात्र राज्य गोवा है, जिसने वर्ष 1961 में पुर्तगाली शासन से मुक्त होने के बाद अपने सामान्य पारिवारिक कानून को बनाये रखा, जिसे गोवा नागरिक संहिता के रूप में जाना जाता है।अत: कथन 2 सही है।
- शेष भारत अपनी धार्मिक या सामुदायिक पहचान के आधार पर विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों का पालन करता है

**50.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP):

- अनुच्छेद 43: राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत या सहकारी आधार पर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा।
- अनुच्छेद 46: राज्य समाज के कमज़ोर वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति(SCs), अनुसूचित जनजाति (STs) और अन्य कमज़ोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देगा।
- अनुच्छेद 47: राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिये कदम उठाएगा साथ ही स्वास्थ्य के लिये हानिकारक नशीले पेय पदार्थों और दवाओं के सेवन पर भी रोक लगाएगा।
- अनुच्छेद 48: गाय, बछड़े और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना एवं उनकी नस्लों में सुधार करना। **अत: विकल्प D सही है।**

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्वदेशी LCTejas Mk2 भारत में विकसित एक लड़ाकू विमान है जो एक साथ आठ बियॉन्ड-विज़ुअल-रेंज (BVR) मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- LCA कार्यक्रम के प्रबंधन के लिये एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) की स्थापना के साथ ही वर्ष 1984 में LCA कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- LCA को हवा से हवा, हवा से सतह, सटीक-निर्देशित हथियारों की एक श्रृंखला ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

52.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) विश्व मौसम विज्ञान संगठन के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नई दिल्ली में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्र (RSMC) उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व मौसम विज्ञान विभाग (WMD) द्वारा स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट 2022जारी किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- स्टेट ऑफ द क्लाइमेट रिपोर्ट भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा जारी की जाती है।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान में कहा गया है कि पंचायतों के सभी चुनावों के लिये मतदाता सूची तैयार करने तथा उनके संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण, राज्य चुनाव आयोग द्वारा किया जायगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल और नियुक्ति, राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार निर्देशित होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्य चुनाव आयुक्त को राज्यपाल द्वारा हटाया नहीं जा सकता। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

54.

उत्तर: C

व्याख्या:

- चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (Lander module- LM), प्रोपल्शन मॉड्यूल (Propulsion module- PM) और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य इंटरप्लेनेटरी मिशनों के लिये आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चंद्रयान सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट (ChaSTE) तापीय चालकता और तापमान को मापने का एक उपकरण है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चंद्र भूकंपीय गतिविधि उपकरण (Instrument for Lunar Seismic Activity- ILSA) का उद्देश्य लैंडिंग स्थल के आसपास भूकंपीयता को मापना है। **अत:, कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन का निर्माण चंद्रमा की सतह और/अथवा चंद्रमा की कक्षा पर किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- रूस और चीन सह-परामर्श, संयुक्त निर्माण और साझा लाभ के सिद्धांत के तहत इस योजना पर कार्य करेंगे।
- संयुक्त अरब अमीरात ने वर्ष 2024 में राशिद नामक एक मानव रहित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर भेजने का निर्णय लिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चीन द्वारा निर्मित चांग'ई-4, चंद्रमा के सुदूर हिस्से का पता लगाने वाला पहला यान है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

56.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों (यानी दिल्ली, पुद्दुचेरी और जम्मू एवं कश्मीर) के मुख्यमंत्री तथा अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- टीम इंडिया विंग में प्रत्येक राज्य और मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हैं और यह राष्ट्रीय सहयोग के लिये एक स्थायी मंच के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- न्यू इंडिया@75 के लिये रणनीति नीति आयोग द्वारा जारी की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

57.

उत्तर: B

- राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान:
  - राष्ट्रपति यह शपथ लेता है कि वह राष्ट्रपति के सभी कार्यों को ईमानदारी से निष्पादित करेगा और पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्त्तव्यों का पालन करेगा।
  - वह भारत के संविधान की सुरक्षा, संरक्षण और रक्षा करने की शपथ लेता है।
  - राष्ट्रपति यह शपथ लेता है कि वह लोगों की सेवा और भलाई के लिये पूर्णत: समर्पित है। **अत: विकल्प B सही है।**

58.

उत्तर: A

व्याख्या:

- एशियाई-ऑस्ट्रेलियाई मानसून ऑस्ट्रेलिया से अफ्रीका तक फैली एक मौसम प्रणाली है, जो दक्षिण पूर्व एशिया के अधिकांश हिस्सों में बरसात के मौसम और शुष्क मौसम लाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उत्तरी अमेरिकी मानसून ग्रीष्मकालीन मौसम प्रणाली मध्य मेक्सिको और दक्षिण-पश्चिम संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्षा ऋतु लाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मानसून क्षेत्र कम दबाव वाली वायु धाराएँ है जो भूमध्य रेखा पर पृथ्वी का चक्कर लगाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

59.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) मौसम विज्ञान (मौसम और जलवायु), परिचालन जल विज्ञान तथा संबंधित भूभौतिकी विज्ञान के लिये संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कार्यकारी परिषद विश्व मौसम विज्ञान कॉन्ग्रेस के निर्णयों को लागू करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- WMO मौसम, जलवायु तथा जल से संबंधित डेटा प्रदान करने के लिये एक एकीकृत पृथ्वी प्रणाली अवलोकन नेटवर्क की स्थापना को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गेंद से छेड़छाड़ कृत्रिम साधनों का उपयोग करके गेंद की स्थिति को बदलने का निषिद्ध कार्य है। **अतः, कथन 1 सही है।**
- एक दिवसीय मैच में आस्किंग रेट एक टीम की जीत के लिये प्रति ओवर आवश्यक रनों की संख्या है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- बेल्टर एक ऐसी पिच है जो गेंदबाजों को कम सहायता प्रदान करती है जबकि बल्लेबाजों को काफी मदद करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

61.

उत्तर: A

व्याख्या:

- स्टॉक मार्केट वह स्थान हैं जहाँ क्रेता और विक्रेता सार्वजनिक निगमों के इक्विटी शेयरों का आदान-प्रदान करने के लिये मिलते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Security and Exchange Board of India- SEBI) को स्टॉक एक्सचेंजों को मान्यता देने तथा विनियमित करने का अधिकार दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्टॉक मार्केट एक मुक्त-बाज़ार अर्थव्यवस्था के घटक हैं क्योंकि वे निवेशकों को व्यापार और पूंजी के आदान-प्रदान तक लोकतांत्रिक पहुँच प्रदान करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- मुक्त-बाज़ार अर्थव्यवस्था एक आर्थिक प्रणाली है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें सरकारी विनियमन के हस्तक्षेप के बिना, आपूर्ति तथा मांग द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

62.

उत्तर:D

व्याख्या:

- परिसमापन की क्षमता के कारण कभी-कभी पोर्टफोलियो निवेश को त्वरित प्रत्यक्ष निवेश की तुलना में कम सकारात्मक माना जाता है, जिसे दीर्घकालिक आर्थिक निवेश के लिये निरंतर प्रतिबद्धता के बजाय वित्तीय लाभ के अल्पकालिक लक्ष्य के रूप में माना जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा होता है और इसे इसके भुगतान संतुलन के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

63.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान (अनुच्छेद 143) राष्ट्रपति को मामलों की दो श्रेणियों में सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने के लिये अधिकृत करता है:
- कानून या सार्वजनिक महत्त्व के तथ्य के किसी भी प्रश्न पर जो उत्पन्न हुआ है, या जिसके उत्पन्न की संभावना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान की किसी भी पूर्व संधि, समझौते, प्रसंविदा,वचनबद्धता, सनद या अन्य समान दस्तावेजों से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद पर। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति, सरकार को उसके द्वारा तय किये जाने वाले मामले पर एक आधिकारिक कानूनी राय देने की सुविधा प्रदान करता है। इस मामले में राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय से राय की आवश्यकता नहीं होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार जनसंख्या की जनगणना एक संघ का विषय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जनगणना को संविधान की सातवीं अनुसूची में बताया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (National Population Register- NPR) नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत बनाए गए नियमों के एक समूह में उल्लिखित एक तंत्र है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- जनगणना विधिक आधार पर जनगणना अधिनियम, 1948 द्वारा समर्थित है।

65.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राज्यपाल का पाँच वर्ष का कार्यकाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंतता पर निर्भर करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान में ऐसा कोई आधार नहीं बताया गया है जिसके आधार पर राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल को हटाया जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति एक राज्य में नियुक्त राज्यपाल को शेष अवधि के लिये दूसरे राज्य में स्थानांतरित कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

66.

उत्तर: A

व्याख्या:

- जब 'युद्ध' या 'बाह्य आक्रमण' के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जाती है, तो इसे 'बाह्य आपातकाल' कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 1976 के 42वें संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के संचालन को भारत के एक विशिष्ट हिस्से तक सीमित करने में सक्षम बनाया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा 'आंतरिक अशांति' को 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को प्रतिस्थापित कर दिया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

67.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) भूमध्यरेखीय अक्षांशों में निम्न दबाव का एक विस्तृत गर्त है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उत्तर-पूर्व एवं दक्षिण-पूर्व व्यापारिक पवनें अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र में एकत्रित होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह अभिसरण क्षेत्र कमोबेश भूमध्य रेखा के समानांतर स्थित है, लेकिन सूर्य की स्पष्ट गति के साथ उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ता है। **अत: कथन 3 सही है।**

68.

उत्तर : D

व्याख्या:

## दक्षिण-पश्चिम मानसून को प्रभावित करने वाले कारक:

- ग्रीष्म काल में गंगा के मैदान के ऊपर अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) की स्थिति का स्थानांतरण: यह भूमध्यरेखा गर्त है जो सामान्य रूप से भूमध्य रेखा के लगभग 5°N पर स्थित है। इसे मानसून के दौरान मानसून-ट्रफ के रूप में भी जाना जाता है।

नोट :

- ग्रीष्म में तिब्बती पठार क्षेत्र अत्यधिक गर्म हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप तेज़ ऊर्ध्वाधर वायु धाराएँ उत्पन्न होती हैं और समुद्र तल से लगभग 9 किमी ऊपर पठार पर निम्न दबाव बनता है।
- हिमालय के उत्तर में पश्चिमी जेट स्ट्रीम की गति और ग्रीष्म में भारतीय प्रायद्वीप पर उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम की उपस्थिति।
- दक्षिणी दोलन (SO): आम तौर पर जब उष्णकटिबंधीय पूर्वी दक्षिण प्रशांत महासागर उच्च दबाव का अनुभव करता है, तो उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर निम्न दबाव का अनुभव करता है। लेकिन कुछ वर्षों में, दबाव की स्थिति में परिवर्तन होता है और पूर्वी प्रशांत महासागर में पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में निम्न दबाव होता है। दबाव की स्थिति में इस आवधिक परिवर्तन को दक्षिणी दोलन (SO) के रूप में जाना जाता है।

**69.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान में प्रधानमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह भारत के अटॉर्नी जनरल, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, यूपीएससी के अध्यक्ष और सदस्यों, चुनाव आयुक्तों, वित्त आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों आदि जैसे महत्त्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में राष्ट्रपति को सलाह देते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री नीति आयोग, राष्ट्रीय एकता परिषद, अंतर्राज्यीय परिषद, राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद और कुछ अन्य निकायों के अध्यक्ष होते हैं। **अतः, कथन 3 सही है।**

**70.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इस पोर्टल का उद्देश्य मोबाइल कनेक्शन और दूरसंचार से संबंधित विभिन्न सुधार तथा सेवाएँ प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पहचान की चोरी जैसी धोखाधड़ी को रोकने के लिये दूरसंचार विभाग (DoT) के तहत C-DoT द्वारा यह पोर्टल विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस पोर्टल मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं को चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने की अनुमति देता है।
- इस पोर्टल के तहत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फेशियल रिकग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन फॉर टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन (ASTR) IMEI-आधारित फोन चोरी की जानकारी प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**71.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- "करेवा" कश्मीर की घाटी तथा जम्मू संभाग की भदरवाह घाटी में लैक्स्ट्रिन जमा (झील में जमा) हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये चपटी चोटी वाले टीले हैं जो कश्मीर घाटी को चारों तरफ से घेरते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इनमें स्तनधारियों के जीवाश्म और कहीं-कहीं पीट की विशेषता पाई जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - Peat is a type of organic material that forms in wetland environments, such as bogs or mires, where the rate of decomposition of plant matter is slower than the rate of accumulation. पीट एक प्रकार का कार्बनिक पदार्थ है जो आर्द्रभूमि वातावरण में बनता है, जैसे दलदल या जहाँ पौधों के पदार्थ के अपघटन की दर संचय की दर से धीमी होती है।

नोट :

72.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) की स्थापना की सिफारिश की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर अपने हस्ताक्षरित वारंट और मुहर द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति सिद्ध कदाचार अथवा अक्षमता के आधार पर केंद्रीय सतर्कता आयुक्त अथवा किसी भी सतर्कता आयुक्त को हटा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

73.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय एक बहु-विषयक संगठन है जिसे मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों के साथ विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है। निदेशालय के वैधानिक कार्यों में निम्नलिखित अधिनियमों का प्रवर्तन शामिल है:
- मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 (PMLA): यह मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने तथा मनी-लॉन्ड्रिंग से प्राप्त या उसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के साथ उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों के लिये अधिनियमित एक आपराधिक कानून है।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA): यह बाह्य व्यापार के साथ भुगतान को सुविधाजनक बनाने एवं भारत में विदेशी मुद्रा बाज़ार के व्यवस्थित विकास एवं रखरखाव को बढ़ावा देने से संबंधित कानूनों को समेकित और संशोधित करने के लिये अधिनियमित एक नागरिक कानून है।
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA): यह कानून आर्थिक अपराधियों को भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर भारतीय कानून की प्रक्रिया से बचने से रोकने के लिये बनाया गया था।
- COFEPOSA के अंर्तगत प्रायोजक एजेंसी: विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (COFEPOSA) के अंर्तगत इस निदेशालय को FEMA के उल्लंघन के संबंध में निवारक हिरासत के मामलों को प्रायोजित करने का अधिकार है। **अत: विकल्प A सही है।**

74.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बलवंत राय मेहता समिति, 1957 की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1957 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) और राष्ट्रीय विस्तार सेवा (1953) के संचालन की जाँच करने और उनके बेहतर कामकाज के लिये उपाय सुझाने हेतु की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- समिति ने त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली यानी ग्राम-स्तरीय ग्राम पंचायतें, ब्लॉक-स्तरीय पंचायत समितियाँ और ज़िला-स्तरीय ज़िला परिषद की स्थापना की सिफारिश की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ज़िला परिषद का अध्यक्ष ज़िला कलक्टर होगा। **अत: कथन 3 सही है।**

75.

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

- सातवाहन अमरावती कला शैली के पहले संरक्षक थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'कथा कला' अमरावती कला शैली की एक प्रमुख विशेषता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अमरावती कला शैली आंध्र प्रदेश में कृष्णा और गोदावरी नदियों की निचली घाटियों के बीच विकसित हुई। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**76.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (Permanent Court of Arbitration- PCA) की स्थापना प्रशांत क्षेत्र संबंधी अंतर्राष्ट्रीय विवादों के निपटान पर अभिसमय द्वारा की गई थी, यह वर्ष 1899 में पहले हेग शांति सम्मेलन के दौरान हेग में संपन्न हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- PCA राज्यों, राज्य संस्थाओं, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और निजी पार्टियों के विभिन्न संयोजनों को शामिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता में प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

77.

उत्तर: B

व्याख्या:

- समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS), वर्ष 1982 को समुद्री कानून के रूप में भी जाना जाता है। यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है, अर्थात्- आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और उच्च समुद्र। **अतः विकल्प B सही है।**

**78.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कोहिनूर हीरा 1305 में दिल्ली के सम्राट अलाउद्दीन खिलजी का था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मुगल शासक बाबर ने अपने लेख बाबरमामा में हीरे का उल्लेख किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- फारसी जनरल नादिर शाह ने दिल्ली और हीरे को जीतने के लिये सुल्तान महामद को हराया। **अतः कथन 3 सही है।**

**79.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा (109) GSTAT और इसकी पीठों के गठन को अनिवार्य करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अनुसार GST अपीलीय न्यायाधिकरण के पास सिविल न्यायलय के समान शक्तियाँ हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसमें जुर्माना लगाने, पंजीकरण रद्द करने और GST कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक अन्य उपाय करने का भी अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**80.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

- सदन का एक स्वतंत्र सदस्य (किसी भी राजनीतिक दल द्वारा उम्मीदवार के रूप में निर्वाचन के बिना चयनित) यदि ऐसे चुनाव के बाद किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो वह सदन का सदस्य बने रहने के लिये अयोग्य हो जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सदन का एक मनोनीत सदस्य सदन का सदस्य होने के लिये अयोग्य हो जाता है यदि वह सदन में अपना पद लेने की तिथि से छह माह की समाप्ति के बाद किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विलय तब होता है जब दल के दो तिहाई सदस्य ऐसे विलय के लिये सहमत हो जाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**81.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उच्च न्यायालय का न्यायाधीश भारत के राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संसद की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा उसे उसके पद से हटाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**82.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2018) के मामले में, न्यायालय ने व्यभिचार (Adultery) को, जैसा कि भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 497 में परिभाषित किया गया है, अब आपराधिक अपराध नहीं माना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में व्यभिचार को अपराध नहीं माना जाता है, लेकिन यह हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत तलाक का आधार बन सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि IPC की धारा 497 भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है। **अत: कथन 3 सही है।**

**83.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सशस्त्र बलों, अर्द्ध-सैनिक बलों, पुलिस बलों, खुफिया एजेंसियों और समान सेवाओं के सदस्यों द्वारा मौलिक अधिकारों के प्रयोग को संसद द्वारा प्रतिबंधित या निरस्त किया जा सकता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**84.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- NCPOR की स्थापना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संस्थान के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्र को भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु नोडल संगठन के रूप में नामित किया गया है, जिसमें अंटार्कटिका में भारत के स्थायी स्टेशन का रखरखाव भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दो भारतीय स्टेशन मैत्री और भारती, NCPOR की प्राथमिक ज़िम्मेदारी हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**85.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आर्कटिक परिषद की स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी जब कनाडा, डेनमार्क साम्राज्य, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूसी संघ, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों ने ओटावा घोषणा पर हस्ताक्षर किये थे।
- आर्कटिक परिषद के सदस्य:
- कनाडा, डेनमार्क साम्राज्य, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूसी संघ, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका। **अत: विकल्प B सही है।**

**नोट :**

**86.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

## क्लस्टर युद्ध सामग्री पर अभिसमय:

- क्लस्टर युद्ध सामग्री पर अभिसमय नागरिक आबादी पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों के कारण हथियारों के उपयोग, उत्पादन, हस्तांतरण और भंडारण को गैर-कानूनी घोषित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे 30 मई, 2008 को डबलिन में 107 देशों द्वारा अपनाया गया और 3 दिसंबर, 2008 को ओस्लो में इस पर हस्ताक्षर किये गए।
  - 1 अगस्त, 2010 से लागू होने के कारण यह अभिसमय एक बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय कानून बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- अभी तक कुल 123 देश इस अभिसमय में शामिल हो चुके हैं जिसमें 111 सदस्य देश और 12 हस्ताक्षरकर्त्ता हैं।
  - इस अभिसमय पर भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, यूक्रेन, पाकिस्तान और इज़रायल सहित कई देशों ने हस्ताक्षर नहीं किये हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**87.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## भारत और फ्रांँस के बीच सहयोग के कुछ क्षेत्र:

- रक्षा:
  - फ्रांँस भारत के लिये एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में उभरा है, वर्ष 2017-2021 में यह दूसरा सबसे बड़ा रक्षा सामग्री आपूर्तिकर्त्ता बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - महत्त्वपूर्ण रक्षा सामग्री सौदों और सैन्य भागीदारी में वृद्धि के साथ फ्रांँस भारत के लिये एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार के रूप में उभरा है।
- आर्थिक सहयोग:
  - वर्ष 2021-22 में 12.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक व्यापार के साथ फ्रांँस भारत का एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
  - अप्रैल 2000 से जून 2022 तक 10.31 बिलियन अमेरिकी डॉलर के संचयी निवेश के साथ यह भारत में 11वांँ सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है, यह भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का 1.70% दर्शाता है।
- असैन्य परमाणु सहयोग:
  - फ्रांँस उन पहले देशों में से था जिसके साथ भारत ने नागरिक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पेरिस ने वर्ष 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद अप्रसार क्रम में भारत के अलगाव को सीमित करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सहयोग:
  - फ्रांँस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के साथ-साथ परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह में प्रवेश के लिये भारत की दावेदारी का समर्थन करता है।
- जलवायु सहयोग:
  - दोनों देश जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं, जहांँ भारत ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये अपनी मज़बूत प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पेरिस समझौते में फ्रांँस का समर्थन किया है।
  - दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन पर अपने संयुक्त प्रयासों के तहत वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय सौर मैत्री शुरू किया। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

**88.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( DRDO ):

- परिचय:
  - DRDO रक्षा मंत्रालय का रक्षा अनुसंधान एवं विकास विंग है जिसका लक्ष्य भारत को अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी में सशक्त बनाना है।
  - आत्मनिर्भरता और रणनीतिक प्रणालियों एवं प्लेटफार्मों के सफल स्वदेशी विकास तथा उत्पादन ने भारत की सैन्य शक्ति को अत्यंत सुदृढ़ किया है। इसके अतिरिक्त प्रभावशाली निरोध उत्पन्न करने और महत्त्वपूर्ण लाभ प्रदान करने में प्रमुख योगदान दिया है।
- DRDO के विभिन्न कार्यक्रम:
  - एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP):
    - यह मिसाइल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय रक्षा बलों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु  डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रमुख कार्यों में से एक था।
    - IGMDP के तहत विकसित मिसाइलें हैं: पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, आकाश, नाग। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - मोबाइल ऑटोनोमस रोबोट सिस्टम (MARS):
    - MARS एक स्मार्ट रोबोट है जिसका उपयोग लैंड माइन्स और इनर्ट एक्सप्लोसिव डिवाइसेज (IED) जैसे विस्फोटकों को दूर से ही निष्क्रिय करने में भारतीय सशस्त्र बलों की मदद करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - कुछ ऐड-ऑन के साथ, इस प्रणाली का उपयोग विभिन्न तरीकों से इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस को डिफ्यूज़ करने के लिये भी किया जा सकता है।
  - लद्दाख में विश्व का सबसे ऊँचा स्थलीय केंद्र:
    - लद्दाख में DRDO का केंद्र पैंगोंग झील के पास चांगला में समुद्र तल से 17,600 फीट ऊपर है, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक और औषधीय पौधों के संरक्षण के लिये एक प्राकृतिक कोल्ड स्टोरेज इकाई के रूप में कार्य करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**89.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व( CSR ):

- परिचय:
  - CSR की अवधारणा यह विचार है कि कंपनियों को पर्यावरण और सामाजिक कल्याण पर उनके प्रभावों का आकलन करने के साथ ज़िम्मेदारी लेनी चाहिये तथा सकारात्मक सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन को बढ़ावा भी देना चाहिये।
  - कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के चार मुख्य प्रकार हैं:
    - पर्यावरणीय उत्तरदायित्व
    - नैतिक उत्तरदायित्व
    - परोपकारी उत्तरदायित्व
    - आर्थिक उत्तरदायित्व
  - ऐसी कंपनियाँ जिनका वार्षिक राजस्व कम से कम रु. 1,000 करोड़ नेटवर्थ कम से कम रु. 500 करोड़, या कम से कम 5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो। कंपनी अधिनियम 2013 के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रावधानों के अधीन हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इस अधिनियम के अनुसार कंपनियों को एक CSR समिति स्थापित करने की आवश्यकता है जो निदेशक मंडल को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति की सिफारिश करेगी और समय-समय पर इसकी निगरानी भी करेगी।

नोट :

- CSR के अंतर्गत गतिविधियाँ:
  - कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट, कुछ प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं:
    - भूख, गरीबी और कुपोषण को दूर करना तथा शिक्षा, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
    - एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम (AIDS), ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस और अन्य विकारों से लड़ना।
    - पर्यावरणीय स्थायित्त्व सुनिश्चित करना।
    - राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति का संरक्षण, जिसमें इमारतों और ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों के साथ कलाकृतियों का जीर्णोद्धार शामिल है।
    - सशस्त्र बलों के पूर्व-सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिये उपाय करना।
    - ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालंपिक खेलों के साथ-साथ ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये प्रशिक्षण प्रदान करना।
    - सामाजिक-आर्थिक विकास और राहत के लिये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किसी अन्य कोष में भी योगदान करना। **अतः कथन 2 सही है।**

**90.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (ADP)

- यह वर्ष 2018 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य उन ज़िलों की स्थिति में सुधार करना है जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति प्रदर्शित की है।
- आकांक्षी ज़िले भारत के वे ज़िले हैं जो खराब सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें देश भर के 112 ज़िले शामिल हैं।
- भारत सरकार के स्तर पर कार्यक्रम का संचालन नीति आयोग द्वारा किया जाता है। इसके अलावा अलग-अलग मंत्रालयों ने ज़िलों की प्रगति हेतु ज़िम्मेदारी संभाली है। **अतः कथन 2 सही है।**

- उद्देश्य:
  - यह प्रत्येक ज़िले की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है एवं तत्काल सुधार के लिये प्रभावी कारकों की पहचान करता है और मासिक आधार पर ज़िलों की रैंकिंग करके प्रगति को मापता है।
  - ज़िलों को अपने राज्य में सबसे अच्छे ज़िले के समान स्थिति में पहुँचने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है तथा बाद में प्रतिस्पर्द्धी तथा सहकारी संघवाद की भावना से दूसरों से प्रतिस्पर्द्धा करके और दूसरों से सीखकर देश के सर्वश्रेष्ठ में से एक बनने के लिये प्रेरित किया जाता है।
  - "सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास" दृष्टिकोण के साथ सरकार अपने नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा सभी के लिये समावेशी विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।
  - राष्ट्र की प्रगति के लिये ADP का उदेश्य सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीकरण करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**91.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## बांग्लादेश के साथ भारत का संबंध:

- आर्थिक संबंध: बांग्लादेश के साथ भारत की भौगोलिक निकटता के कारण भारत के पास बंग्लादेश के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक के रूप में उभरने का अवसर है। वर्ष 2022 के आँकड़ों के अनुसार बांग्लादेश भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

नोट :

- नदी जल का बँटवारा: भारत और बांग्लादेश 54 नदियाँ साझा करते हैं। गंगा जल संधि (Ganga Waters Treaty) पर वर्ष 1996 में हस्ताक्षर किया गया था, यह कम वर्ष वाले मौसम (1 जनवरी-31 मई) के दौरान गंगा नदी के जल के बँटवारे के लिये था।
  - हाल ही में भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र के लोगों को लाभ के लिये 'कुशियारा समझौते' (Kushiyara Pact) पर हस्ताक्षर किया गया है।
- विद्युत और ऊर्जा क्षेत्र सहयोग: भारत और बांग्लादेश के बीच ऊर्जा क्षेत्र के सहयोग में भी पिछले कुछ वर्षों में वृहत प्रगति हुई है।
  - वर्ष 2018 में हस्ताक्षरित 'भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन परियोजना' भारत में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी और बांग्लादेश के दिनाजपुर ज़िले के पार्बतीपुर को जोड़ेगी।
  - भारत और बांग्लादेश ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग पर समझौते की रूपरेखा (Framework of Understanding-FOU) पर भी हस्ताक्षर किये हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

**92.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

### व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA):

- यह एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जिसमें सेवाओं और निवेश में व्यापार तथा आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर संवाद शामिल है।
- इसमें व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा और IPR जैसे क्षेत्रों में संवाद भी शामिल किया जा सकता है।
- साझेदारी समझौते अथवा सहयोग समझौते मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- CEPA व्यापार के नियामक पहलू का भी अनुवीक्षण करता है।
- वर्ष 2023 तक भारत ने दक्षिण कोरिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**93.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

### भारत का विधि आयोग:

- परिचय:
  - यह भारत सरकार द्वारा समय-समय पर गठित किया जाने वाला एक गैर-वैधानिक निकाय है।
  - स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग वर्ष 1955 में तीन वर्ष की अवधि के लिये स्थापित किया गया था।
  - पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश राज के दौरान चार्टर अधिनियम, 1833 द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह कानून और न्याय मंत्रालय के लिये एक सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।
- संरचना:
  - इसमें एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के अतिरिक्त एक सदस्य-सचिव सहित चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
  - कानून मंत्रालय के कानून और विधायी सचिव इस आयोग के पदेन सदस्य होते हैं।
  - इसमें पाँच से अधिक अंशकालिक सदस्य नहीं होते।
  - सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश अथवा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आयोग के प्रमुख होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

94.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## विशेष आर्थिक क्षेत्र ( SEZs ):

- SEZ किसी देश के भीतर ऐसे क्षेत्र हैं जो प्राय: शुल्क मुक्त (राजकोषीय रियायत) होते हैं और यहाँ मुख्य रूप से निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोज़गार पैदा करने के लिये अलग-अलग व्यापार और वाणिज्यिक कानून होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- SEZ इन क्षेत्रों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिये भी बनाए गए हैं, जिससे व्यापार करने में आसानी होती है।
- भारत में SEZ:
  - एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (Export Processing Zones- EPZ) वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इन EPZs की संरचना SEZ के समान थी, सरकार ने वर्ष 2000 में EPZ की सफलता को सीमित करने वाली ढाँचागत और नौकरशाही चुनौतियों के निवारण के लिये विदेश व्यापार नीति के तहत SEZ की स्थापना शुरू की।
  - विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया और वर्ष 2006 में SEZ नियमों के साथ लागू हुआ।
- हालाँकि SEZ की स्थापना का कार्य वर्ष 2000 से 2006 तक (विदेश व्यापार नीति के तहत) भारत में चालू था। **अत: कथन 3 सही है।**
  - भारत के SEZ को चीन के सफल मॉडल के साथ मिलकर संरचित किया गया था।
  - अनुमोदन बोर्ड सर्वोच्च निकाय है और इसका नेतृत्व वाणिज्य विभाग (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) के सचिव द्वारा किया जाता है।
  - भारत की मौजूदा SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बाबा कल्याणी के नेतृत्व वाली समिति का गठन किया गया था तथा नवंबर 2018 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं।
- इसे विश्व व्यापार संगठन (WTO) को अनुकूल बनाने और अधिकतम क्षमता का उपयोग करने तथा SEZs के संभावित उत्पादन को अधिकतम करने हेतु वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को लाने की दिशा में SEZ नीति का मूल्यांकन करने के व्यापक उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया था।

95.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र ( MFN ):

- विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सदस्य अन्य सदस्यों के साथ समान व्यवहार करने के लिये प्रतिबद्ध हैं ताकि वे सभी एक-दूसरे के सबसे कम प्रशुल्क, उच्चतम आयात कोटा और वस्तुओं एवं सेवाओं के लिये कम व्यापार बाधाओं से लाभान्वित हो सकें।
  - गैर-भेदभाव के इस सिद्धांत को सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) के रूप में जाना जाता है।
  - यह उन उपायों में से एक है जो बिना भेदभाव के व्यापार सुनिश्चित करता है। दूसरा उपाय 'नेशनल ट्रीटमेंट' है।
- प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT), 1994 के अनुच्छेद 1 के अनुसार प्रत्येक WTO सदस्य देश को अन्य सभी सदस्य देशों को MFN का दर्ज़ा देना होगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- कुछ अपवाद हैं जैसे जब सदस्य द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं या जब सदस्य विकासशील देशों को अपने बाज़ारों तक विशेष पहुँच प्रदान करते हैं।
- WTO की सूची से बाहर के देशों के लिये WTO के सदस्य वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किये बिना जो भी व्यापार नियंत्रण चाहते हैं, उन्हें लागू कर सकते हैं जैसे ईरान, उत्तर कोरिया, सीरिया या बेलारूस आदि।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में, MFN दर्ज़ा (या व्यवहार) एक देश द्वारा दूसरे देश को प्रदान किया जाता है।
  - MFN दर्ज़े वाले किसी भी देश के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा उसके साथ MFN दर्ज़े वाले किसी भी अन्य देश से अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा।

नोट :

- MFN से निलंबित करने की कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं है और यह स्पष्ट नहीं है कि यदि कोई सदस्य ऐसा करता हैं तो वे WTO को सूचित करने के लिये बाध्य हैं या नहीं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पाकिस्तान स्थित इस्लामी समूह के आत्मघाती हमले में 40 पुलिसकर्मियों के मारे जाने के बाद भारत ने वर्ष 2019 में पाकिस्तान का MFN दर्ज़ा निलंबित कर दिया था। पाकिस्तान ने कभी भी भारत पर MFN का दर्ज़ा लागू नहीं किया है।

**96.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## चंद्रयान-3 मिशन:

- परिचय:
  - चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र मिशन और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का दूसरा प्रयास है।
  - मिशन ने 14 जुलाई, 2023 को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) से उड़ान भरी।
  - इसमें एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (LM), प्रोपल्शन मॉड्यूल (PM) और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य अंतर ग्रहीय मिशनों के लिये आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है।
- विशेषता:
  - चंद्रयान-3 के लैंडर (विक्रम) और रोवर पेलोड (प्रज्ञान) चंद्रयान-2 मिशन के समान ही हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - लैंडर पर वैज्ञानिक पेलोड का उद्देश्य चंद्र पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना है। इन पेलोड में चंद्र भूकंपों का अध्ययन, चंद्र सतह के थर्मल गुण, सतह के पास प्लाज्मा में परिवर्तन और पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी को सटीक रूप से मापना शामिल है।
  - चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल में एक नया प्रयोग किया गया है जिसे स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (SHAPE) कहा जाता है।
- SHAPE का लक्ष्य परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण करके संभावित रहने योग्य छोटे ग्रहों की खोज करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - लैंडर की गति की लगातार निगरानी करने और आवश्यक सुधार करने के लिये चंद्रयान-3 में अतिरिक्त नेविगेशनल और मार्गदर्शन उपकरण मौजूद हैं।
- इसमें लेजर डॉपलर वेलोसीमीटर नामक एक उपकरण शामिल है, जो लैंडर की गति की गणना करने के लिये चंद्रमा की सतह पर लेजर बीम फायर करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**

**97.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## आर्टेमिस समझौता:

- परिचय:
  - संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग और नासा ने सात अन्य संस्थापक सदस्यों: ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम के साथ वर्ष 2020 में आर्टेमिस समझौते की स्थापना की गई। यह समझौता शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये चंद्रमा, मंगल, धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों सहित अंतरिक्ष के नागरिक अन्वेषण और उपयोग के लिये सामान्य दिशा-निर्देश निर्धारित करता है।
  - यह वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि की नींव पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बाह्य अंतरिक्ष संधि, संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत एक बहुपक्षीय समझौता, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव के रूप में कार्य करती है।

- हस्ताक्षरकर्त्ता देश:
  - भारत, गैर-बाध्यकारी आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वाँ देश है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आर्टेमिस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य मिशन:
  - आर्टेमिस-I: चंद्रमा पर मानवरहित मिशन
- आर्टेमिस कार्यक्रम 16 नवंबर, 2022 को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस लॉन्च सिस्टम (SLS) पर "ओरियन" नामक अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण के साथ प्रारंभ हुआ।
- SLS, एक सुपर हेवी-लिफ्ट लॉन्च वाहन ओरायन को सीधे चंद्रमा पर एक ही मिशन पर ले गया।
  - आर्टेमिस-II: क्रू लूनर फ्लाईबाई मिशन:
- वर्ष 2024 के लिये निर्धारित आर्टेमिस-II, आर्टेमिस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला मानवयुक्त मिशन होगा। अत: कथन 3 सही है।
  - आर्टेमिस-III: मानव की चंद्रमा पर वापसी:
- वर्ष 2025 के लिये निर्धारित आर्टेमिस-III मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर लौटेंगे।
- यह मिशन आर्टेमिस-II के चंद्र फ्लाईबाई से आगे जाएगा, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्र सतह पर उतरने और चंद्रमा का अधिक व्यापक रूप से अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

**99.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

### प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (PACSs):

- PACS ग्राम स्तरीय सहकारी ऋण समितियाँ हैं जो त्रि-स्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्य स्तर पर इनका नेतृत्व राज्य सहकारी बैंकों (SCB) द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- SCB से ऋण ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCB) को हस्तांतरित किया जाता है जो ज़िला स्तर पर संचालित होते हैं। DCCB PACS के साथ काम करते हैं जो सीधे किसानों से जुड़े होते हैं।
- PACS किसानों को विभिन्न कृषि तथा कृषि गतिविधियों के लिये अल्पकालिक और मध्यम अवधि के कृषि ऋण प्रदान करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**100.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (United Nations Security Council- UNSC):

- इसकी स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र द्वारा की गई थी।
- यह संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक है।
- UNSC में कुल 15 सदस्य हैं: 5 स्थायी सदस्य (P5) और 10 गैर-स्थायी सदस्य 2 वर्ष के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम इसके पाँच स्थायी सदस्य हैं।
- दिसंबर 2022 में इस परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत का कार्यकाल पूरा हो गया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

101.

उत्तर : B

व्याख्या:

## पोखरण- I:

- परिचय:
  - 1970 के दशक तक भारत परमाणु बम परीक्षण करने में सक्षम हो चुका था।
  - पोखरण-I भारत का पहला परमाणु बम परीक्षण था जो 18 मई, 1974 को राजस्थान के पोखरण टेस्ट रेंज में किया गया था।
  - इसका कोड-नेम स्माइलिंग बुद्धा था और आधिकारिक तौर पर इसे "कुछ सैन्य प्रभाव" के साथ "शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण" के रूप में वर्णित किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत अमेरिका, सोवियत संघ, ब्रिटेन, फ्राँस और चीन के बाद परमाणु हथियार क्षमता वाला विश्व का छठा देश बन गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

## पोखरण-II:

- परिचय:
  - पोखरण-द्वितीय राजस्थान के पोखरण रेगिस्तान में 11-13 मई, 1998 के बीच भारत द्वारा किये गए पाँच परमाणु बम परीक्षण विस्फोटों की श्रृंखला को संदर्भित करता है।
  - कोड नाम - ऑपरेशन शक्ति, यह घटना भारत के दूसरे सफल प्रयास को चिह्नित करता है।
- भारत का परमाणु सिद्धांत:
  - वर्ष 2003 में भारत आधिकारिक तौर पर अपना परमाणु सिद्धांत जारी किया, जिसमें स्पष्ट रूप से नो फर्स्ट यूज़ नीति (No First Use Doctrine) नीति पर विस्तार से बताया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

102.

उत्तर: D

व्याख्या:

## परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG):

- NSG परमाणु आपूर्तिकर्त्ता देशों का एक समूह है जो परमाणु निर्यात या परमाणु-संबंधी निर्यात के लिये दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के माध्यम से परमाणु हथियारों के अप्रसार में योगदान देना चाहता है।
- NSG की स्थापना वर्ष 1974 में भारत के परमाणु परीक्षणों की प्रतिक्रिया के रूप में की गई थी। अतः कथन 1 सही है।
- NSG का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये परमाणु व्यापार परमाणु हथियारों के प्रसार में योगदान न दे। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस समूह में 48 प्रतिभागी सरकारें हैं तथा यूरोपीय आयोग एक पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करता है।
- वर्ष 2008 से भारत NSG में सदस्यता की मांग कर रहा है। इसी वर्ष NSG ने भारत को अपने मौजूदा नियमों से "क्लीन वेवर" दी थी जो ऐसे देश के साथ परमाणु व्यापार पर रोक लगाता है जिसने परमाणु अप्रसार संधि (NPT) पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं।
- इस छूट ने भारत के लिये परमाणु व्यापार में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया और भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते का नेतृत्व किया था।
- भारत की सदस्यता के अभियान को तब निर्णायक बढ़ावा मिला जब अमेरिका ने बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं की क्वार्टेट सूची में शामिल होने के लिये भारत के समर्थन की घोषणा की थी।
- अमेरिका ने मानदंड-आधारित दृष्टिकोण के बजाय देश-विशेष के लिये प्रस्तावित मामले को इस तर्क पर आधारित किया कि भारत के परमाणु रिकॉर्ड और अप्रसार मानदंडों के प्रति प्रतिबद्धता ने इसे NSG में शामिल होने के लिये "एक समान विचारधारा वाले देश" के रूप में योग्य बनाया है।

नोट :

103.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

### आनुवंशिक रूप से संशोधित ( GMOs ):

- ये जीवित जीव होते हैं जिनमें विद्यमान आनुवंशिक पदार्थ को प्रयोगशाला में कृत्रिम रूप से आनुवंशिक इंजीनियरिंग का प्रयोग करके परिवर्तित किया गया है।
- भारत की स्थिति:
  - वर्तमान में भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित फसल के रूप में केवल कपास की व्यावसायिक खेती की जाती है। ट्रांसजेनिक तकनीक का उपयोग करके बैंगन, टमाटर, मक्का और चना जैसी अन्य फसलों का परीक्षण कार्य अभी जारी है। **अतः कथन 3 सही है।**
- विनियमन: भारत में GMO और उत्पादों से संबंधित सभी गतिविधियों का विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - MoEFCC के अंतर्गत जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC), GMO के आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, उपयोग अथवा बिक्री सहित सभी गतिविधियों की समीक्षा,अनुवीक्षण और अनुमोदन के लिये अधिकृत है।
- GEAC ने हाल ही में आनुवंशिक रूप से संशोधित सरसों की व्यावसायिक खेती को मंज़ूरी दी है। **अतः कथन 2 सही है।**

104.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

### धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 ( Prevention of Money Laundering Act- PMLA ) 2002

- Background:
  - धन शोधन के खतरे से निपटने के लिये भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता (वियना अभिसमय) के जवाब में PMLA अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - परिचय:
  - यह आपराधिक कानून है जो धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामलों से प्राप्त अथवा इसमें शामिल संपत्ति की ज़ब्ती का प्रावधान करने के लिये बनाया गया है।
  - यह मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिये भारत द्वारा स्थापित कानूनी ढाँचे का मूलाधार है।
  - इस अधिनियम के प्रावधान सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों (RBI सहित), म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- निमामक प्राधिकरण:
  - प्रवर्तन निदेशालय : यह PMLA के प्रावधानों को लागू करने और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जाँच के लिये उत्तरदायी होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

105.

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

### प्रवर्तन निदेशालय ( ED ):

- परिचय:
  - प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो धन शोधन (अवैध धन को वैध करना) के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करता है।

नोट :

- यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में ED भारत के संविधान और कानूनों के सख्त अनुपालन में कार्य करता है।
    - संरचना:
  - मुख्यालय: प्रवर्तन निदेशालय (ED) का मुख्यालय नई दिल्ली में है, जिसका नेतृत्त्व प्रवर्तन निदेशक करता है।
    - प्रवर्तन के विशेष निदेशकों की अध्यक्षता में मुंबई, चेन्नई, चंडीगढ़, कोलकाता और दिल्ली में पाँच क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
  - भर्ती: अधिकारियों की भर्ती सीधे और अन्य जाँच एजेंसियों के अधिकारियों में से की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसमें IRS (भारतीय राजस्व सेवा), IPS (भारतीय पुलिस सेवा) और IAS (भारतीय प्रशासनिक सेवा) के अधिकारी शामिल हैं जैसे- आयकर अधिकारी, उत्पाद शुल्क अधिकारी, सीमा शुल्क अधिकारी और पुलिस।
  - कार्यकाल: दो वर्ष, लेकिन तीन वर्ष का विस्तार देकर निदेशकों के कार्यकाल को दो से पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम (Delhi Special Police Establishment- DSPE Act), 1946 और केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) अधिनियम, 2003 में संशोधन किया गया है ताकि सरकार को दो प्रमुखों को उनके शुरुआती दो वर्ष के शासनादेश के बाद एक अतिरिक्त वर्ष के लिये अपने पदों पर बनाए रखने का अधिकार प्रदान किया जा सके।

**106.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

### मेकांग-गंगा सहयोग (MGC):

- यह पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के साथ-साथ परिवहन और संचार में सहयोग हेतु छह देशों - भारत और पाँच आसियान देशों अर्थात् कंबोडिया, लाओ पीडीआर, म्याँमार, थाईलैंड और वियतनाम की एक पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे नवंबर 2000 में वियनतियाने, लाओ पीडीआर में वियनतियाने घोषणा पर हस्ताक्षर के साथ लॉन्च किया गया था।
  - इस समूह को शुरू में गंगा सुवर्णभूमि कार्यक्रम (GMSP) कहा जाता था।
- गंगा और मेकांग दोनों सभ्यतागत नदियाँ हैं तथा MGC पहल का उद्देश्य इन दो प्रमुख नदी की घाटियों में रहने वाले लोगों के बीच घनिष्ठ संपर्क को सुविधाजनक बनाना है।
- इसकी स्थापना के बाद से 10 MGC विदेश मंत्रियों की बैठक (FMM) हो चुकी है तथा आखिरी बैठक अगस्त 2019 में बैंकॉक में आयोजित की गई थी।
  - MGC बैठक प्रत्येक वर्ष भारत और 5 मेकांग देशों में से एक के बीच क्रमिक रूप से सह-अध्यक्षता की जाती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :




107.

उत्तर: C

व्याख्या:

## सिंधु जल संधि ( Indus Waters Treaty -IWT ):

- About:
  - भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद सितंबर 1960 में IWT पर हस्ताक्षर किये, जिसमें विश्व बैंक भी इस संधि के हस्ताक्षरकर्त्ताओं में से एक था।
  - यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों सतलज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब के पानी के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग तथा सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र निर्धारित करती है।
- प्रमुख प्रावधान:
  - जल साझाकरण:
    - इस संधि द्वारा निर्धारित किया गया कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल को भारत और पाकिस्तान के बीच किस प्रकार साझा किया जाएगा।
    - इसके तहत तीन पश्चिमी नदियों- सिंधु, चिनाब और झेलम को अप्रतिबंधित जल उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया, भारत द्वारा कुछ गैर-उपभोग्य, कृषि एवं घरेलू उपयोगों को छोड़कर अन्य तीन पूर्वी नदियों- रावी, ब्यास एवं सतलज को अप्रतिबंधित जल उपयोग के लिये भारत को आवंटित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

- इसका मतलब है कि जल का 80% हिस्सा पाकिस्तान में चला गया, जबकि शेष 20% जल भारत के उपयोग के लिये छोड़ दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - स्थायी सिंधु आयोग:
    - दोनों देशों को दोनों पक्षों के स्थायी आयुक्तों द्वारा एक स्थायी सिंधु आयोग की स्थापना को अनिवार्य कर दिया गया।
    - सिंधु जल संधि के अनुसार, यह आयोग वर्ष में कम-से-कम एक बार नियमित तौर पर भारत और पाकिस्तान में बैठक करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

108.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## भारत और जापान संबंध:

- रक्षा क्षेत्र सहयोग: जापान उन कुछ देशों में से एक है जिसके साथ भारत की 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारत और जापान के रक्षा बलों द्वारा द्विपक्षीय अभ्यासों की एक शृंखला का भी आयोजन किया जाता है।
- सामान्य समूह:
  - भारत और जापान दोनों क्वाड, G20 और G-4, इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (ITER) के सदस्य हैं।
  - भारत की "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" और जापान की "फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक स्ट्रैटेजी" के तहत भारत-जापान सहयोग के लिये एक मंच प्रदान करने हेतु वर्ष 2017 में इंडिया-जापान एक्ट ईस्ट फोरम की स्थापना की गई थी।
- निवेश और आधिकारिक विकास सहायता (Official Development Assistance- ODA):
  - भारत पिछले कुछ दशकों से जापानी आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) के तहत ऋण का सबसे बड़ा प्राप्तकर्त्ता रहा है।
  - दिल्ली मेट्रो ODA के उपयोग के माध्यम से जापान के सहयोग के सबसे सफल उदाहरणों में से एक है।
- भारत की वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) परियोजना जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा प्रदान किये गए सॉफ्ट लोन द्वारा वित्त पोषित है।
- जापान और भारत ने भारत में हाई-स्पीड रेलवे के निर्माण हेतु भी प्रतिबद्धता जताई थी।
- आर्थिक संबंध: जापान भारत का 5वाँ सबसे बड़ा निवेशक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी: इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी सहित भंडारण प्रणाली, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग बुनियादी ढाँचा, सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन, अमोनिया आदि के विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिये दोनों देशों द्वारा आपसी सहयोग कार्य किये जा रहे हैं।
  - डिजिटल पार्टनरशिप के साथ-साथ 14वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में इसकी घोषणा भी की गई।

109.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) समूह:

- परिचय:
  - यह एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
  - इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इस समूह के संस्थापकों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसके सदस्य देशों की अध्यक्षता प्रतिवर्ष अंग्रेजी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर बदलती रहती है।

नोट :

- सदस्य:




110.

उत्तर: C

व्याख्या:

## GIFT सिटी:

- GIFT (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) सिटी गांधीनगर, गुजरात में स्थित है।
- इसमें एक बहु-सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) तथा एक विशेष घरेलू टैरिफ क्षेत्र (DTA) शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत का प्रथम IFSC भी यहीं स्थापित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी परिकल्पना न केवल भारत के लिये बल्कि विश्व भर के लिये वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं हेतु एक एकीकृत केंद्र के रूप में की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इस शहर में सामाजिक बुनियादी ढाँचे में एक स्कूल, चिकित्सा सुविधाएँ, एक प्रस्तावित अस्पताल, इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाओं के साथ गिफ्ट सिटी बिजनेस क्लब भी शामिल हैं। इस शहर में एकीकृत सुनियोजित आवासीय आवास परियोजना को भी शामिल किया गया हैं जो GIFT सिटी को वास्तव में "वॉक टू वर्क" शहर बनाती हैं।

111.

उत्तर: A

व्याख्या:

## अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण:

- स्थापना:
  - इसकी स्थापना अप्रैल 2020 में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत की गई थी।
  - इसका मुख्यालय गुजरात में GIFT सिटी, गांधीनगर में है।
- कार्य:
  - प्राधिकरण IFSC में ऐसी सभी वित्तीय सेवाओं, उत्पादों और संस्थानों को विनियमित करेगा। यह केंद्र सरकार को ऐसे अन्य वित्तीय उत्पादों, सेवाओं और संस्थानों की भी सिफारिश कर सकता है जिन्हें IFSCs में अनुमति दी जा सकती है।
- प्रक्रियाएँ और कार्यविधियाँ:
  - प्राधिकरण द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और कार्यविधियों को ऐसे वित्तीय उत्पादों, सेवाओं या संस्थानों पर लागू भारत की संसद के संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुदान:
  - केंद्र सरकार, इस संबंध में संसद द्वारा कानून द्वारा उचित विनियोग के पश्चात प्राधिकरण को इतनी धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है, जिसे केंद्र सरकार प्राधिकरण के प्रयोजनों में उपयोग करने के लिये उचित समझे।
- विदेशी मुद्रा में लेन-देन:
  - IFSC में वित्तीय सेवाओं का लेनदेन केंद्र सरकार के परामर्श से प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट विदेशी मुद्रा में किया जाएगा।
    - IFSC में इकाइयों द्वारा किये गए सभी लेनदेन विदेशी मुद्रा में होने चाहिये [भारतीय रुपये (INR) के अतिरिक्त]। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

112.

उत्तर : C

व्याख्या :

## संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP):

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक विकास नेटवर्क है।
- UNDP संयुक्त राष्ट्र विस्तारित तकनीकी सहायता कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र विशेष कोष के विलय पर आधारित है।
- UNDP की स्थापना वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी और इसका परिचालन जनवरी 1966 में हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह विकासशील देशों को विशेषज्ञ सलाह, प्रशिक्षण और अनुदान सहायता प्रदान करता है, साथ ही सबसे कम विकसित देशों की सहायता पर अधिक ज़ोर देता है।
- The UNDP Executive Board is made up of representatives from 36 countries around the world who serve on a rotating basis.
- UNDP कार्यकारी बोर्ड विश्व के 36 देशों के प्रतिनिधियों से बना है, इसका प्रतिनिधित्व क्रमिक रूप से किया जाता है।
- यह पूरी तरह से सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान से वित्त पोषित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNDP प्रकाशन: मानव विकास सूचकांक।
  - वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) UNDP और ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास योजना (OPHI) द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

113.

उत्तर: A

व्याख्या:

### विधिक माप विज्ञान (पैक किये गए उत्पाद) नियम 2011:

- यह भारत में पहले से पैकिंग की गई वस्तुओं को विनियमित करता है और साथ ही ऐसी वस्तुओं की बिक्री से पहले कुछ लेबलिंग आवश्यकताओं को अनिवार्य करता है।
- विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (Legal Metrology Act, 2009) का मुख्य उद्देश्य वज़न एवं माप के मानकों को स्थापित करना और लागू करना, वज़न, माप एवं अन्य वस्तुओं में व्यापार तथा वाणिज्य जिन्हें तौल, माप या संख्या में बेचा या वितरित किया जाता है और कोई अन्य मामला जो इनसे संबंधित हो को विनियमित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - अधिनियम के अनुसार, केंद्र सरकार अंतर-राज्यीय व्यापार और वाणिज्य से संबंधित कर्तव्यों का पालन करने के लिये कानूनी माप विज्ञान के निदेशक की नियुक्ति कर सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - राज्य सरकार अंतर-राज्यीय व्यापार और वाणिज्य से संबंधित कर्तव्यों का पालन करने के लिये कानूनी माप विज्ञान नियंत्रक नियुक्त कर सकती है।

114.

उत्तर: B

व्याख्या:

- दूसरी अनुसूची में राष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल, लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्यों की परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और विधान सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और राज्य की विधान परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- आठवीं अनुसूची भारत के संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ग्यारहवीं अनुसूची पंचायतों की शक्तियाँ, अधिकार और ज़िम्मेदारियों से संबंधित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- बारहवीं अनुसूची में नगर पालिकाओं की शक्तियाँ, अधिकार और उत्तरदायित्व का वर्णन है।

115.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संविधान के अनुसार इस आयोग का आदेश अंतिम हैं और किसी भी न्यायालय के समक्ष उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता क्योंकि इससे चुनाव कार्य अनिश्चित काल के लिये बाधित हो जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मूल उद्देश्य, चुनाव में एक राजनीतिक दल को दूसरों पर बढ़त न मिले, भौगोलिक क्षेत्रों को विभाजित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- परिसीमन आयोग की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

116.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 86वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिये भारत के संविधान में अनुच्छेद 21-A शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009, अनुच्छेद 21-A के तहत परिकल्पित परिणामी कानून का प्रतिनिधित्त्व करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 उचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों, यानी प्रयोजनीय प्रवेश से और शैक्षणिक योग्यता वाले शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**117.**

**उत्तरः C**

**व्याख्या:**

- 'कानून के समक्ष समानता' की अवधारणा 'कानून के शासन' की अवधारणा का एक तत्त्व है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कानून का शासन संविधान की मूल संरचना है इसलिये किसी भी संशोधन द्वारा भी इसे नष्ट नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कानून के समक्ष समानता का नियम पूर्ण नहीं है और भारत के राष्ट्रपति तथा राज्यों के राज्यपाल इसके अपवाद हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**118.**

**उत्तरः A**

**व्याख्या:**

- "साइबर स्वच्छता केंद्र" (बॉटनेट क्लीनिंग एंड मैलवेयर एनालिसिस सेंटर) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का एक हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में बॉटनेट संक्रमणों की पहचान करके इसका उद्देश्य उपयोगकर्त्ताओं को सचेत करना, संक्रमण से मुक्त करने की सुविधा प्रदान करना तथा नए संक्रमणों को रोकने के लिये एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण का निर्माण करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी स्थापना राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुसार की गई है, यह देश में एक सुरक्षित साइबर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की परिकल्पना करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यूरोपीय संघ कानून में जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र में डेटा सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी एक विनियमन है।

**119.**

**उत्तरः B**

**व्याख्या:**

- यह अधिनियम दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRPD) को प्रभावी बनाने के लिये भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था, जिसे भारत ने वर्ष 2007 में अनुमोदित किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है, जिसमें निर्दिष्ट दिव्यांगता 40% से कम नहीं है, जिसमें ऐसी दिव्यांगता वाला व्यक्ति भी शामिल है, जहाँ एक निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शब्दों में परिभाषित किया गया है, जैसा कि प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम 18 वर्ष की आयु तक बेंचमार्क दिव्यांगता वाले बच्चों (जिनमें निर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम 40% है) के लिये मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**120.**

**उत्तरः D**

**व्याख्या:**

- विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1882 में मूल रूप से भारत में जाति-आधारित आरक्षण प्रणाली के विचार की कल्पना की थी। **अतः कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- आज जो आरक्षण व्यवस्था विधमान है, वह सही अर्थों में वर्ष 1933 में शुरू की गई थी जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'सांप्रदायिक पुरस्कार' प्रस्तुत किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान का भाग XVI,केंद्र और राज्य विधानसभाओं में एससी और एसटी के आरक्षण से संबंधित है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य "स्वास्थ्य देखभाल पर जेब से होने वाले खर्च को कम करना" है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना नि: शुल्क बीमा कवर प्रदान करती है। भारत में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के माध्यम प्रत्येक लाभार्थी परिवार को सार्वजनिक व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य उपचार के लिये प्रति वर्ष 5,00,000 रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सरकार ने वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के आधार पर कवर किये जाने वाले परिवारों की एक सूची तैयार की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**122.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित करता है जो एकीकृत होने के साथ-साथ स्वतंत्र भी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय एक संघीय न्यायालय, अपील का सर्वोच्च न्यायालय, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गारंटर और संविधान का संरक्षक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- उच्चतम न्यायालय के सभी व्यय भारत की संचित निधि पर भारित किये जाते थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**123.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार जिसे अशांत क्षेत्र मानती थी, उसे नियंत्रण में लाने के लिये सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम 1958 लागू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके प्रावधानों के तहत सशस्त्र बलों को बिना वारंट के गोली चलाने, प्रवेश करने और तलाशी लेने और संज्ञेय अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य या केंद्र सरकार उन क्षेत्रों को विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या जातियों या समुदायों के सदस्यों के बीच मतभेद या विवादों के कारण अशांत मानती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**124.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) योजना के तहत कवर में उपचार के निम्नलिखित घटकों पर किये गए सभी खर्च शामिल हैं।
  - चिकित्सीय परीक्षण, उपचार एवं परामर्श
  - पूर्व-अस्पताल में भर्ती
  - दवा और चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएँ
  - गैर-गहन और गहन देखभाल सेवाएँ
  - नैदानिक और प्रयोगशाला जाँच

- चिकित्सा प्रत्यारोपण सेवाएँ (जहाँ आवश्यक हो)
- आवास लाभ
- खाद्य सेवाएँ
- उपचार के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताएँ
- अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 दिनों तक अनुवर्ती देखभाल **अतः विकल्प A सही है।**

**125.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- काला सागर अनाज पहल (Black Sea Grain Initiative) की स्थापना यूक्रेन से शेष विश्व में महत्त्वपूर्ण खाद्य और उर्वरक निर्यात को फिर से शुरू करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पहल की मध्यस्थता संयुक्त राष्ट्र और तुर्की द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- पहल ने अनाज, अन्य खाद्य पदार्थों और अमोनिया सहित उर्वरक के निर्यात को तीन प्रमुख यूक्रेनी बंदरगाहों: चॉर्नोमोर्स्क, ओडेसा और युज़्नी/पिवडेनी (Yuzhny/Pivdennyi) से शेष विश्व में एक सुरक्षित समुद्री मानवीय गलियारे के माध्यम से फिर से शुरू करने की अनुमति दी।
- पहल के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये एक संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC) की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**126.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान लोकटक झील के दक्षिण-पश्चिमी भाग में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अपने तैरते गोलाकार दलदलों के लिये जाना जाता है, जिन्हें स्थानीय भाषा में फुमदी कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह मणिपुर के नाचने वाले हिरण, भौंह-मृग हिरण (संगाई) का अंतिम प्राकृतिक आवास है। **अतः कथन 3 सही है।**

**127.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या और उसे आवंटित सीटों की संख्या के बीच का अनुपात पूरे राज्य में समान हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रावधान 60 लाख से कम जनसंख्या वाले राज्य पर लागू नहीं होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 1976 के 42वें संशोधन अधिनियम ने राज्यों को लोकसभा में सीटों के आवंटन और प्रत्येक राज्य को 1971 के स्तर पर वर्ष 2000 तक क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित करने पर रोक लगा दी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**128.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संसदीय प्रणाली में विधायिका का विघटन करने का अधिकार कार्यपालिका को प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मंत्रियों को गोपनीयता की शपथ राष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कार्यपालिका संसद के प्रति उत्तरदायी है और उसे अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

129.

उत्तर : A

व्याख्या :

- न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को निष्कासित करने से संबंधित प्रक्रिया को नियंत्रित करता है **अत: कथन 1 सही है।**
- महाभियोग प्रस्ताव, 100 सदस्यों (लोकसभा के मामले में) या 50 सदस्यों (राज्यसभा के मामले में) द्वारा समर्थित होना चाहिये जिसे अध्यक्ष/सभापति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अध्यक्ष/सभापति प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं या स्वीकार करने से मना कर सकते हैं। यदि इसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष/सभापति को आरोपों की जाँच के लिये तीन सदस्यीय समिति का गठन करना होगा। समिति में मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रतिष्ठित न्यायविद् शामिल होने चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

130.

उत्तर: A

व्याख्या:

- कोई भी नागरिक निम्नलिखित प्रावधानों के तहत जनहित याचिका दायर कर सकता है:
  - सर्वोच्च न्यायालय में भारतीय संविधान की धारा 32।
  - उच्च न्यायालय में भारतीय संविधान की धारा 226 ।
  - मजिस्ट्रेट न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133। **अत: विकल्प A सही है।**

131.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं- स्थायी समितियाँ और तदर्थ समितियाँ।
- तदर्थ समितियों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है, अर्थात् जाँच समितियाँ और सलाहकारी समितियाँ। **अत: कथन 1 सही है।**
- कार्यों की प्रकृति के आधार पर स्थायी समितियों को छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। वित्तीय समितियाँ उनमें से एक है। वित्तीय समिति को तीन प्रकार की समितियों में विभाजित किया जा सकता है:
  - लोकलेखा समिति
  - प्राक्कलन समिति
  - सार्वजनिक उपक्रम समिति, **अत: कथन 2 सही नहीं है**
- सलाहकारी समितियों में विधेयकों पर चयनित या संयुक्त समितियाँ शामिल होती हैं, जिन्हें विशेष विधेयकों पर विचार करने के साथ रिपोर्ट करने के लिये नियुक्त किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

132.

उत्तर : B

व्याख्या :

- बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के अनुसार, 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिये परिवार से जुड़े व्यवसाय को छोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने पर पूर्ण रोक का प्रावधान किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह बाल श्रमिकों के कार्य समय तथा कार्य स्थितियों को विनियमित करता है और खतरनाक उद्योगों में बाल श्रमिकों को नियोजित करने पर प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिनियम के अनुसार, बच्चे केवल स्कूल से आने के बाद या स्कूल की छुट्टियों के दौरान काम कर सकते हैं और बच्चों को परिवार के स्वामित्व वाले सुरक्षित क्षेत्रों में काम करने की अनुमति है न कि खतरनाक व्यवसायों में। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

133.

उत्तर: A

व्याख्या:

- काला सागर अनाज पहल के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये संयुक्त समन्वय केंद्र (Joint Coordination Centre- JCC) की स्थापना की गई थी।
- इसमें रूस, तुर्की, यूक्रेन और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि शामिल हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

134.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों सतलज, व्यास, रावी, झेलम और चिनाब के जल उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र निर्धारित करती है।
- इस संधि द्वारा निर्धारित किया गया कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल भारत और पाकिस्तान के बीच किस प्रकार साझा किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके अंतर्गत तीनों पूर्वी नदियाँ रावी, ब्यास और सतलज अप्रतिबंधित उपयोग के लिये भारत को आवंटित की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस संधि द्वारा तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम को पाकिस्तान को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये आवंटित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

135.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सकल मूल्य वर्द्धन (GVA) किसी अर्थव्यवस्था के सकल मूल्य वर्द्धन (GVA) को आउटपुट के मूल्य में से मध्यवर्ती इनपुट के मूल्य को घटा कर प्राप्त मूल्य के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- GVA उत्पादन के प्रत्येक चरण में जोड़े गए मूल्य पर ध्यान केंद्रित करता है और मध्यवर्ती खपत के मूल्य को बाहर करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में उद्योगों द्वारा जोड़ा गया मूल्य और मध्यवर्ती खपत का मूल्य दोनों शामिल हैं।
- सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य उत्पादों पर कर सहित सभी क्षेत्रों द्वारा जोड़े गए मूल्य को जोड़कर और फिर उन उत्पादों से संबंधित सब्सिडी घटाकर प्राप्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- GVA का उपयोग डबल-काउंटिंग से बचने और किसी अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन एवं उत्पादकता का अधिक सटीक प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु GDP को समायोजित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

136.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1932 में महात्मा गांधी ने भारत में अस्पृश्यता उन्मूलन के प्राथमिक मिशन के साथ हरिजन सेवक संघ की स्थापना की थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- "एनिहिलेशन ऑफ कास्ट" प्रख्यात समाज सुधारक और विद्वान डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा लिखित एक अभूतपूर्व और प्रभावशाली कृति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंबेडकर ने रक्षा सलाहकार समिति और वायसराय की कार्यकारी परिषद में श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**137.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया निर्धारित नहीं की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान के अनुसार यह आवश्यक नहीं है कि किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त होने से पहले राज्य विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करना होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में से किसी एक का सदस्य हो सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**138.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- AI प्रोग्रामिंग में लर्निंग डेटा प्राप्त करने तथा इसे कार्रवाई योग्य जानकारी में परिवर्तित करने के लिये नियम बनाने पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- AI प्रोग्रामिंग में रीज़निंग वांछित परिणाम तक पहुँचने के लिये सही एल्गोरिदम चुनने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- AI में क्रिएटिविटी तंत्रिका नेटवर्क, नियम-आधारित सिस्टम, सांख्यिकीय तरीकों के साथ अन्य AI तकनीकों का उपयोग करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**139.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के चार प्रकार इस प्रकार हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों (Industrial Workers- IW) के लिये CPI
  - कृषि मज़दूर (Agricultural Labourer- AL) के लिये CPI
  - ग्रामीण मज़दूर (Rural Labourer- RL) के लिये CPI
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)
- औद्योगिक श्रमिकों (Industrial Workers- IW) के लिये CPI, कृषि मज़दूर (Agricultural Labourer- AL) के लिये CPI, ग्रामीण मज़दूर (Rural Labourer- RL) के लिये CPI को श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया जाता है। CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त) को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation) के अंतर्गत NSO द्वारा संकलित किया जाता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**140.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ESG पर्यावरण (Environment), सामाजिक (Social) और शासन (Governance) का संक्षिप्त रूप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ESG फंड वे फंड हैं जिनके परिसंपत्ति आवंटन में अधिकांशतः ऐसी कंपनियों के शेयर और बॉण्ड शामिल होते हैं जिनका मूल्यांकन पर्यावरण, सामाजिक और शासन के कारकों पर किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- निवेश के लिये स्टॉक का चयन करते समय ESG फंड उन कंपनियों की संक्षिप्त सूची तैयार करता है जो पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और कॉर्पोरेट प्रशासन पर उच्च स्कोर करते हैं तथा फिर वित्तीय कारकों को देखते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**141.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- परमाणु परीक्षणों की चागई शृंखला 28 मई, 1998 को पाकिस्तान में हुए पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षणों की एक शृंखला को संदर्भित करती है। ये परीक्षण बलूचिस्तान प्रांत के चागई ज़िले में स्थित रास कोह पहाड़ियों में किये गए थे। चागई-I ने विशेष रूप से पाकिस्तान के परमाणु हथियार परीक्षण के प्रारंभिक सार्वजनिक प्रदर्शन को चिह्नित किया। **अतः विकल्प B सही है।**

**142.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य कानूनी और संवैधानिक सुधारों के माध्यम से भारत में महिलाओं के लिये न्यायपूर्ण तथा न्यायसंगत गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लगभग बीस वर्ष पहले, भारत में महिलाओं की स्थिति पर समिति (CSWI) ने महिलाओं के लिये एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। **अतः कथन 3 सही है।**

**143.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना वर्ष 1993 में संसद द्वारा अधिनियमित कानून अर्थात् मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका अध्यक्ष भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश होना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके सदस्यों में सर्वोच्च न्यायालय का एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश, उच्च न्यायालय का एक सेवारत या सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश और मानवाधिकारों के संबंध में ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले तीन व्यक्ति होने चाहिये।
- अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**144.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा छः सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, संसद के दोनों सदनों के विपक्ष के नेता और केंद्रीय गृहमंत्री शामिल होते हैं। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश अथवा उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद ही की जा सकती है। **अतः विकल्प C सही है।**

**145.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- UNESCO के तीन सदस्य देश कुक आइलैंड्स, नीयू और फ़िलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र के सदस्य नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इज़रायल और लिकटेंस्टीन यूनेस्को के सदस्य नहीं हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**146.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1862 में कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास में उच्च न्यायालय की स्थापना के साथ भारत में उच्च न्यायालय की संस्था की शुरुआत हुई। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1956 के सातवें संशोधन अधिनियम ने संसद को दो या दो से अधिक राज्यों या दो या दो से अधिक राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के लिये एक सामान्य उच्च न्यायालय स्थापित करने हेतु अधिकृत किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**147.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाइड्रोजन बम को अपनी विनाशकारी शक्ति परमाणु विखंडन अभिक्रियाओं से मिलती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वह अभिक्रिया जिसमें दो या दो से अधिक परमाणु नाभिकों के संयोजन से एक या अधिक विशिष्ट परमाणु नाभिक और उपपरमाण्विक कण बनते हैं, परमाणु विखंडन कहलाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मैनहट्टन परियोजना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पहला हाइड्रोजन बम विकसित करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा संचालित एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**148.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- एम.सी मेहता बनाम भारत संघ मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'पूर्ण दायित्त्व सिद्धांत' की शुरुआत की। **अत: कथन 1 सही है।**
- खतरनाक गतिविधियों में शामिल कोई भी उद्योग जो किसी दुर्घटना के माध्यम से पर्यावरण या लोगों को हानि पहुँचाता है, उसे पूरी तरह उत्तरदायी माना जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**149.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नियंत्रित मानव संक्रमण अध्ययन (Controlled Human Infection Studies- CHIS) एक वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें स्वस्थ मानव स्वयंसेवकों को नियंत्रित परिस्थितियों में संक्रामक एजेंटों के संपर्क में लाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन अध्ययनों का प्राथमिक उद्देश्य रोगजनकों के व्यवहार, मानव प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की बेहतर समझ हासिल करना और संभावित टीकों का परीक्षण करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका उपयोग विभिन्न संक्रामक एजेंटों, जैसे वायरस (जैसे, इन्फ्लूएंज़ा, डेंगू, ज़ीका), बैक्टीरिया (जैसे, हैज़ा, टाइफाइड) और परजीवी (जैसे, मलेरिया) का अध्ययन करने के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

150.

उत्तर: B

व्याख्या:

- SARS-CoV-2 वायरस कोरोना वायरस बीमारी यानी कि कोविड-19 के लिये ज़िम्मेदार वायरस है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SARS-CoV-2 में एक पॉजिटिव-सेंस सिंगल-स्ट्रैंडेड जीनोमिक RNA होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कोरोना वायरस से संबंधित प्रतिकृति-प्रतिलेखन कॉम्प्लेक्स (RTC) वायरल प्रतिकृति प्रक्रिया के दौरान वायरल RNA के संश्लेषण के लिये उत्तरदायी एक महत्त्वपूर्ण कार्यप्रणाली है। **अत: कथन 3 सही है।**

151.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से मानव पैपिलोमावायरस (HPV) के उच्च जोखिम वाले प्रकारों के निरंतर संक्रमण के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चतुर्भुज टीका चार प्रकार के HPV यानी HPV16, 18, 6 और 11 से संरक्षण प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सभी HPV संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का कारण नहीं बनते, वास्तव में कई HPV संक्रमण बिना किसी स्वास्थ्य समस्या के स्वत: ठीक भी हो जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

152.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 का उद्देश्य त्वरित और बाल-अनुकूल न्याय वितरण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये विशेष न्यायालयों, विशेष लोक अभियोजकों, विशेष किशोर पुलिस इकाइयों तथा बाल कल्याण समितियों की स्थापना करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अनुसार किसी भी बच्चे के साथ किसी भी प्रकार का यौन संपर्क एक अपराध है, भले ही बच्चे की सहमति हो अथवा नहीं, चाहे बच्चे को धोखा दिया गया हो या उसके साथ जबरदस्ती की गई हो। यह अधिनियम एक बच्चे के साथ सभी प्रकार के यौन संपर्क को अपराध मानता है, जिसमें पेनीट्रेटिव और नॉन-पेनीट्रेटिव कृत्यों के साथ-साथ यौन उत्पीड़न तथा किसी का पीछा करना भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम के तहत यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी अपराध से संबंधित कोई जानकारी हो, तो उसे पुलिस अथवा बाल कल्याण समिति इसकी रिपोर्ट करना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

153.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत किसी भी SC और ST पर होने वाले किसी भी नुकसान अथवा उत्पीड़न से बचाने के लिये इस अधिनियम के उल्लंघनकर्त्ताओं से सुरक्षा प्रदान करना सिविल सेवक कका कर्त्तव्य है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें स्पष्ट है कि इस अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जाँच 30 दिनों के भीतर कम-से-कम पुलिस उपाधीक्षक (DSP) रैंक के अधिकारी द्वारा की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्य सरकारें आरोप पत्र दाखिल होने की तारीख से 2 महीने की अवधि के भीतर इस अधिनियम के तहत अपराधों की विशेष सुनवाई के लिये विशेष न्यायालय स्थापित कर सकती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

154.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- छह दशक पूर्व "हमल" के नाम से जाने जाने वाले श्रमिकों (अपने सिर अथवा कंधों पर भारी बोरियाँ ढ़ोने वाले ) ने महाराष्ट्र में "हमल पंचायत" नामक एक संघ की स्थापना की। कई असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के समान ही उन्हें अधिक तीव्रता के साथ समान चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन श्रमिकों के पास एक केंद्रीकृत कार्यस्थल अथवा एकल नियोक्ता का अभाव होने के कारण उनकी कामकाज़ी परिस्थितियाँ विशेष रूप से कठिन और अनिश्चित हो गईं। **अतः विकल्प A सही है।**

155.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एक चक्रीय अर्थव्यवस्था वह है जिसमें उत्पादों को स्थायित्त्व प्रदान करने, पुन: उपयोगी बनाने और पुनर्चक्रण के लिये डिज़ाइन किया जाता है, इस प्रकार लगभग हर चीज को पुन: उपयोगी, पुन: विनिर्माण और कच्चे माल में पुनर्चकृत किया जाता है अथवा ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक ऐसी प्रणाली स्थापित करने के लिये जो स्थिरता और स्थायित्त्व को बढ़ावा देती है, चक्रीय अर्थव्यवस्था उपयोग को अधिकतम करते हुए अपशिष्ट को कम करने पर ध्यान केंद्रित करती है और सबसे अधिक मूल्य बनाए रखने के लिये एक विनिर्माण मॉडल की मांग करती है। **अतः विकल्प A सही है।**

156.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऐसे सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी जाती है जिसने सदन की कुल सीटों का कम से कम दसवें हिस्से पर विजय हासिल की हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता को एक संवैधानिक इकाई के रूप में मान्यता दी गई है। अत: कथन 2 सही है।
- विपक्ष के नेता का उल्लेख भारत के संविधान में नहीं किया गया है, उनका उल्लेख क्रमश: सदन के नियमों और संसदीय कानून में किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

157.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अविश्वास प्रस्ताव को लोकसभा में अपनाए जाने के कारणों का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे केवल संपूर्ण मंत्रिपरिषद् के विरुद्ध ही लाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि यह लोकसभा में पारित हो जाता है, तो मंत्रिपरिषद् को पद से इस्तीफा देना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

158.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- युवा संसद की योजना चतुर्थ अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन की सिफारिश पर शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को संसद की प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं से परिचित कराना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- संसदीय कार्य मंत्रालय योजना शुरू करने के लिये राज्यों को आवश्यक प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

159.

उत्तर: A

व्याख्या;

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने वर्ल्ड इकनोमिक आउटलुक पर अपना नवीनतम अद्यतन जारी किया है, जो यह दर्शाता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था हालिया चुनौतियों का सामना करने के बाद लचीलेपन के संकेत प्रदर्शित कर रही है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्त्वपूर्ण अभिकर्त्ता यूरो क्षेत्र को रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण गैस की कीमतों में हालिया वृद्धि के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- गैस की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव यूरो क्षेत्र के अतिरिक्त विभिन्न ऊर्जा-निर्भर क्षेत्रों पर पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से आर्थिक गतिविधि और निवेश में कमी आ सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

160.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यूरोक्षेत्र एक भौगोलिक और आर्थिक क्षेत्र है जिसमें यूरोपीय संघ के देश शामिल हैं जिन्होंने यूरो को पूरी तरह से अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में शामिल कर लिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्रोएशिया, यूरोक्षेत्र का सदस्य है और क्रोएशिया पासपोर्ट मुक्त शेंगेन क्षेत्र में 27वाँ देश बन गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यूरोपीय संघ के राष्ट्र जो यूरोक्षेत्र में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उन्हें मूल्य स्थिरता, मज़बूत सार्वजनिक वित्त, अभिसरण के स्थायित्व और विनिमय दर स्थिरता से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

161.

उत्तर: D

व्याख्या:

- बागवानी, कृषि की वह शाखा है जो भोजन, औषधीय प्रयोजनों और सौंदर्य संतुष्टि के लिये मनुष्य द्वारा सीधे उपयोग किये जाने वाले सघन रूप से संवर्द्धित पौधों से संबंधित है।
- यह सब्जियों, फलों, फूलों, जड़ी-बूटियों, सजावटी या विदेशी पौधों की खेती, उत्पादन तथा बिक्री से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एल.एच. बेली को अमेरिकी बागवानी का जनक माना जाता है तथा एम.एच. मैरीगौड़ा को भारतीय बागवानी का जनक माना जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सजावटी बागवानी: इसके दो उपभाग हैं:
- पुष्पकृषि: पुष्प फसलों का उत्पादन, उपयोग और विपणन।
- परिदृश्य बागवानी: बाहरी वातावरण को सुंदर बनाने के लिये उपयोग किये जाने वाले पौधों का उत्पादन और विपणन। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

162.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा सोने, तरल नकदी या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में रखी गई जमा का न्यूनतम प्रतिशत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) राजकोषीय नीति का हिस्सा नहीं है, बल्कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित तथा तय की गई मौद्रिक नीति है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- केंद्रीय सहकारी बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों, शहरी (प्राथमिक) सहकारी बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये SLR का रखरखाव बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 और 56 के तहत अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**163.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'वित्तीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, (FRBM), 2003 का उद्देश्य देश के राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे को कम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उच्च ऋण-GDP अनुपात (Debt-to-GDP Ratio) के कारण FRBM अधिनियम, 2003 प्रस्तावित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- FRBM अधिनियम का उद्देश्य सरकार की राजकोषीय नीति के उद्देश्यों, रणनीतियों और लक्ष्यों का खुलासा करके राजकोषीय पारदर्शिता और सरकारी उत्तरदायित्व में सुधार करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**164.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) की स्थापना वर्ष 1998 में हुई थी। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, तीनों सेनाओं के प्रमुख, विदेश सचिव, गृह सचिव और रक्षा सचिव शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच के लिये वर्ष 1996 में एक समिति गठित करने के बाद परिषद का गठन किया गया था। इस समिति की अध्यक्षता प्रसिद्ध रक्षा विश्लेषक के. सुब्रमण्यम ने की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**165.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है: पश्चिमी, मध्य और पूर्वी। **अतः कथन 1 सही है।**
- पश्चिमी वास्तविक नियंत्रण रेखा लद्दाख और कश्मीर से होकर गुजरती है, मध्य LAC उत्तराखंड, हिमाचल से होकर गुजरती है तथा पूर्वी LAC सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- LAC वर्तमान में दोनों देशों अर्थात भारत और चीन के बीच वास्तविक सीमा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**166.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चीन और भारत के बीच बाढ़ के मौसम में यालुज़ांगबू/ब्रह्मपुत्र नदी की जलवैज्ञानिक जानकारी के प्रावधान पर ब्रह्मपुत्र नदी कार्यान्वयन योजना की जलवैज्ञानिक जानकारी के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सतलुज नदी की जल विज्ञान संबंधी जानकारी के प्रावधान के लिये एक समझौता ज्ञापन भी लागू है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बैंक ऑफ चाइना (BOC) के शाखा कार्यालय मुंबई, भारत में हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**167.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संसद और राज्य विधानसभाओं के मतदान के लिये प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिये केवल एक सामान्य मतदाता सूची होनी चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**नोट :**

- राज्य विधानसभाएँ मतदान से संबंधित सभी मामलों में प्रावधान कर सकती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसमें मतदाता सूची की तैयारी और उनके उचित संविधान को सुरक्षित करने के लिये आवश्यक अन्य सभी मामले शामिल हैं। लेकिन वे केवल उन्हीं मामलों के लिये प्रावधान कर सकते हैं जो संसद के अंतर्गत नहीं आते हैं। दूसरे शब्दों में, वे केवल संसदीय कानून का पूरक हो सकते हैं और इसे खत्म नहीं कर सकते।
- संविधान घोषित करता है कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में सीटों के आवंटन से संबंधित किसी भी कानून की वैधता पर किसी भी न्यायलय में सवाल नहीं उठाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

168.

उत्तरः C

व्याख्याः

- एड्स HIV के कारण होने वाले लक्षणों अथवा सिंड्रोम का एक समूह है। साथ ही, यह जरूरी नहीं है कि HIV से संक्रमित व्यक्ति को एड्स हो ही जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- HIV शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में CD4, एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका (टी कोशिकाओं) को हानि पहुँचाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका की एक महिला ल्यूकेमिया रोगी स्टेम सेल प्रत्यारोपण के माध्यम से HIV से ठीक होने वाली तीसरी व्यक्ति बन गई। **अतः कथन 3 सही है।**

169.

उत्तरः D

व्याख्याः

- SERB का लक्ष्य सर्वोत्तम प्रबंधन प्रणाली का निर्माण करना है जो बुनियादी अनुसंधान को बढ़ावा देने और वित्तपोषण के क्षेत्र में सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं से सुमेलित होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB ) संसद के एक अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बोर्ड संरचना, जिसमें वित्तीय और प्रशासनिक दोनों शक्तियाँ बोर्ड में निहित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

170.

उत्तरः A

व्याख्याः

- कस्तूरीरंगन समिति की रिपोर्ट में पश्चिमी घाट के कुल क्षेत्रफल का 37% भाग को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (Eco-Sensitive Area- ESA) घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया है।
- पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ESA) संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास 10 किलोमीटर के भीतर स्थित हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

171.

उत्तरः B

व्याख्याः

- रंगराजन समिति (वर्ष 2012) की स्थापना चीनी उद्योग के विनियमन पर सिफारिश प्रदान करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस समिति ने चीनी के निर्यात और आयात पर मात्रात्मक नियंत्रण को समाप्त करने की सिफारिश की, इन्हें उचित टैरिफ द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्यों को भी मिलों को खोई (Bagasse) से उत्पन्न विद्युत् का उपयोग करने की अनुमति देने के लिये नीतिगत सुधार करना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**172.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मौलिक अधिकार स्थायी नहीं हैं। संसद इनमें कटौती या कमी कर सकती है लेकिन संशोधन अधिनियम के तहत, न कि साधारण विधेयक द्वारा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मिनर्वा मिल्स मामले (1980) में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि ''भारतीय संविधान की स्थापना मूल अधिकारों और निदेशक सिद्धांतों के बीच संतुलन के आधार पर की गई है।'' **अतः कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय एक संघीय न्यायालय, अपील का सर्वोच्च न्यायालय, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गारंटर और संविधान का संरक्षक है। **अतः कथन 3 सही है।**

**173.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (National Investigation Agency- NIA) की स्थापना वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों, जिसे 26/11 की घटना के रूप में जाना जाता है, की पृष्ठभूमि में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- NIA गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NIA को मानव तस्करी, जाली मुद्रा या बैंक नोट, प्रतिबंधित हथियारों के निर्माण अथवा बिक्री, साइबर-आतंकवाद तथा विस्फोटक पदार्थों से संबंधित अपराधों की जाँच करने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**174.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967 केंद्र सरकार को केंद्र द्वारा राजपत्र नोटिस जारी करके किसी भी गतिविधि को गैरकानूनी घोषित करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UAPA में मृत्युदंड और आजीवन कारावास की सज़ा को सबसे बड़ी सज़ा माना गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2004 में एक संशोधन पेश किया गया था जिसमें "आतंकवादी अधिनियम" को उन अपराधों की सूची में शामिल किया गया था जिनके लिये किसी संगठन को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण प्रतिबंधित किया जा सकता था। **अतः कथन 3 सही है।**

**175.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग हेतु केंद्र सरकार की मंज़ूरी की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम राज्य सरकार तथा अन्य प्राधिकारियों को केंद्र सरकार की अनुमति के बिना पहले निर्णय लेने पर प्रतिबंध लगाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह वनों की अखंडता और क्षेत्र को संरक्षित करते हुए विविध पारिस्थितिक घटकों के संरक्षण को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**176.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वलयन और पर्वतनी/ओरोजेनिक प्रक्रियाओं (Orogenic Processes) द्वारा निर्मित अरावली पर्वत श्रृंखला विश्व की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- अरावली गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा होते हुए दिल्ली तक विस्तृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राजस्थान में इन पहाड़ों को दो मुख्य श्रेणियों सांभर-सिरोही पर्वतमाला तथा सांभर-खेतड़ी पर्वतमाला विभाजित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**177.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह अधिनियम वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों (Forest Dwelling Scheduled Tribes- FDST) और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (Other Traditional Forest Dwellers- OTFD) को वन अधिकारों और वन भूमि पर कब्जे को मान्यता देता है और उन्हें अधिकार देता है, जो पीढ़ियों से ऐसे वनों में रह रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्राम सभा, व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति और सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जनजातीय कार्य मंत्रालय अधिनियम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये नोडल एजेंसी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**178.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी को "महात्मा" की उपाधि दी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1913 में गीतांजलि पर उनके काम के लिये उन्हें साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1915 में उन्हें ब्रिटिश किंग जॉर्ज पंचम द्वारा नाइटहुड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1919 में, जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बाद, उन्होंने अपनी नाइटहुड का त्याग कर दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**179.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्य उद्देश्य रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR), PLFS के तहत अनुमानित प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतक हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**180.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के लिये वर्ष 1980 में बनाया गया एक निवारक निरोध कानून है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुसार निवारक नज़रबंदी का प्रावधान करने वाला कोई भी कानून किसी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक की अवधि के लिये हिरासत में रखने का अधिकार नहीं देगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम एक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन का भी प्रावधान करता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर प्रधानमंत्री को सलाह देती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**181.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आर्य समाज, वर्ष 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित एक हिंदू एकेश्वरवादी सामाजिक-धार्मिक आंदोलन था। **अत:,कथन 1 सही है।**
- वेदों का अचूक प्रमाण आर्य समाज के मूल सिद्धांतों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आर्य समाज ईश्वर की मूर्ति पूजा का विरोध के साथ ही पुनर्जन्म के विचार के विरुद्ध था। **अत: कथन 3 सही है।**

**182.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के महत्त्वपूर्ण कृति:
  - पत्रिकाएँ:
    - मूकनायक (1920)
    - बहिष्कृत भारत (1927)
    - समता (1929)
    - जनता (1930)
  - पुस्तकें:
    - जाति प्रथा का विनाश
    - बुद्ध या कार्ल मार्क्स
    - अछूत: वे कौन थे और अछूत कैसे बन गए
    - बुद्ध और उनके धम्म
    - हिंदू महिलाओं का उदय और पतन
  - संगठन:
    - बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1923)
    - स्वतंत्र लेबर पार्टी (1936)
    - अनुसूचित जाति फेडरेशन (1942)
- रवीन्द्रनाथ टैगोर की उल्लेखनीय कृतियों में गीतांजलि, घरे-बैरे, गोरा, मानसी, बालका, सोनार तोरी शामिल हैं। उन्हें उनके गीत 'एकला चलो रे' के लिये भी याद किया जाता है।

**183.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महाड सत्याग्रह शहर में दलितों को सार्वजनिक तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाने के लिये शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- महाड सत्याग्रह की स्मृति में प्रतिवर्ष भारत में सामाजिक अधिकारिता दिवस मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- महाड सत्याग्रह का नेतृत्व डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने दलितों और महिलाओं के उत्थान तथा सम्मान के लिये किया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**184.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुसूचित क्षेत्र वे हैं जिनका उल्लेख अनुच्छेद 244(1) में किया गया है, जो कहता है कि पाँचवीं अनुसूची के प्रावधान असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम के अतिरिक्त अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों पर लागू होंगे। **अत: विकल्प B सही है।**